श्रीमती सुलता देव: डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूँ कि ओडिशा एक नैचुरल कैलामिटीज़ फेस करने वाला स्टेट है। वहाँ पर किसानों का बार-बार क्रॉप लॉस होता है। मैं यह जानना चाहती हूं कि 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के तहत 5 साल में कितने कार्ड बनाए गए हैं? और 5 साल में जो क्रॉप लॉस हुआ है, इसका बेनिफिट कितने किसानों को हुआ है और ओडिशा के किसानों के लिए कितना अमाउंट रिलीज हुआ है?

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, यह सवाल मूल प्रश्न से उत्पन्न नहीं होता, लेकिन चूंकि माननीय सदस्य ने पूछा है, मैं उन्हें जानकारी देना चाहता हूं कि 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' में कोई कार्ड नहीं बनता है। इस योजना के तहत किसान स्वेच्छा से अपनी फसल का बीमा करवाता है, चाहे वह ऋणी किसान हो या अऋणी किसान। यदि किसान बीमा करवाना चाहेगा, तो उसकी फसल का बीमा होगा। महोदय, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि अब ऋणी और अऋणी दोनों प्रकार के किसान इस फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसके साथ ही, यह बताते हुए भी हर्ष हो रहा है कि हमारी फसल बीमा योजना आज दुनिया की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना बन गई है।

Contents Page

माननीय उपसभापति महोदय, यह योजना वर्ष 2016 में प्रारम्भ की गई थी। वर्ष 2016-17 से लेकर अब तक 7,708 लाख किसान आवेदकों को इस बीमा योजना के तहत बीमा कवर प्रदान किया गया है और 1,74,432 करोड़ रुपए दावे के रूप में भुगतान किए गए हैं। इसमें किसानों द्वारा दिया गया प्रीमियम मात्र 32,000 करोड़ रुपए रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की विशेषता है कि 32,000 करोड़ रुपए के प्रीमियम के बदले 1,74,432 करोड़ रुपए किसानों के खातों में गए हैं।

श्री उपसभापति: माननीय तेजवीर सिंह जी, आपका दूसरा सप्लीमेंटरी प्रश्न रह गया था। कृपया आप पूछें।

श्री तेजवीर सिंह: महोदय, मैं माननीय किसान एवं कल्याण मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या पूर्व की सरकार, यूपीए की सरकार में डिजिटल कृषि योजना थी? डिजिटल कृषि को लेकर यूपीए सरकार का क्या रुख था? डिजिटल धोखाधड़ी या किसानों के डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिए कौन-कौन से विशिष्ट उपाय लागू किए गए हैं?

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, अगर पूर्व की सरकार में योजना होती तो लंगड़ रोता क्यों और शुक्ल जी को यह उपन्यास क्यों लिखना पड़ रहा है? मुझे कहने में तकलीफ है कि आज़ादी के बाद वर्षों तक, जिन्होंने राज किया, उन्होंने किसानों की इस तकलीफ को कभी नहीं समझा।

उपसभापति महोदय, मैं कई बार हैरान रह जाता हूं जब उनकी तरफ की सरकार थी, तब तत्कालीन वित्त मंत्री ने मजाक उड़ाया था कि, "गांव में जाइए, टमाटर, आलू लीजिए—क्या वहाँ पीओएस मशीन होगी? क्या वहाँ इंटरनेट है? क्या वहाँ बिजली है?" ऐसे में कैसे पीओएस चलेगी? यह उनकी सोच थी?

लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, आज गांव-गांव में, हर सब्जी की दुकान और सड़क पर लोग पीओएस मशीन लगाकर अपना व्यापार बढ़ा रहे हैं। लगभग सभी गांवों में किसी न किसी इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर के टावर लगे हुए हैं, लाखों कॉमन सर्विस सेंटर खुले हुए हैं, और कृषि सखी योजना के माध्यम से परिवार के किसी न किसी सदस्य के हाथ में स्मार्टफोन है, जिसके माध्यम से आम लोग डिजिटल रूप से सशक्त हो रहे हैं और प्रधान मंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सरकारी सेवाओं में और योजनाओं का लाभ देने में क्रांतिकारी परिवर्तन किया गया है।

आज आप देखें कि एक जमाने में, प्रधानमंत्री जो कहते थे कि "मैं 1 रुपया भेजता हूं, तो 15 पैसे पहुंचते हैं," लेकिन आज हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, बिहार के भागलपुर में बटन दबाते हैं, तो 9 करोड़, 80 लाख किसानों के खातों में सीधे पैसे पहुंच जाते हैं। उस कार्यक्रम में गिरिराज सिंह जी भी मौजूद थे। हमारे सामने 22,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने के बाद, किसान अपना मोबाइल दिखाकर कहता है, "मेरे खाते में पैसा आ गया।" यह डिजिटल क्रांति के कारण संभव हुआ है। जन-धन योजना, आधार, मोबाइल, आम आदमी के बैंकों में खाते खुलवाए, जिनमें बहनों की बड़ी संख्या है। यह एक नई क्रांति प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हुई है।

Contents Page

डिजीलॉकर, ई-साइंस सुविधा, ई-केवाईसी, पेमेंट गेटवे, एकीकृत भुगतान और कितनी सुविधाएं जनता को मिली हैं, केवल खेती के क्षेत्र में नहीं, बल्कि स्वास्थ्य रिकॉर्ड साझा करने के लिए भी इलेक्ट्रिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड, सरकारी ई-मार्किट प्लस, जो भारत का ई-कॉर्मस पोर्टल है, उससे व्यापार आसान हुआ है। इसलिए प्रधान मंत्री जी ने तय किया कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है, तो किसानों की समस्या का समाधान होना चाहिए। उसको छोटी-छोटी चीज़ों के लिए न भटकना पड़े, इसलिए डिजिटल कृषि मिशन बनाया गया है।

उपसभापति महोदय, अब किसानों का प्रमाणित विवरण किसान रजिस्ट्री में एक जगह मिलेगा। उनकी भूमि जोत, परिवार का विवरण, बोई गई फसलें, soil के बारे में और कौन-कौन से पोषक तत्व हैं, इन सबके बारे में उपयोगी और व्यापक डेटा मिलेगा। ऋण, बीमा खरीद, बेचने की सुविधा, एक नहीं, अनेकों योजनाओं का लाभ और नई सुविधाएं उनको मिलेंगी। महोदय, जहां तक हमारे आधार और किसान आईडी का सवाल है, मैं यह बताना चाहता हूं कि नागरिक आधार कार्ड यह बताता है कि वह भारत का निवासी है, नागरिक है, लेकिन किसान पहचान पत्र, देशभर के किसानों के लिए एक विशिष्ट पहचान पत्र है, जिसमें सारी जानकारी जैसे - जमीन, पशुधन, मत्स्य पालन, फसल जो भी हैं, उनका प्रमाण देता है। इस किसान रजिस्ट्री के निर्माण के बाद सभी पंजीकृत किसानों को उनके संबंधित राज्यों द्वारा विशिष्ट आईडी और उनकी फसल और भूमि के विवरण के साथ किसान पहचान पत्र दिया जाएगा। किसान पहचान पत्र, किसान के लिए सरकारी योजनाओं का और सेवाओं का लाभ लेने का बहुत आसान दस्तावेज है, जिसका भूमि राजस्व प्रणाली और किसान की वित्तीय जानकारी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, इसलिए जहां आधार की संवेदशीलता के कारण आधार अधिनियम, आधार नंबर साझा करने पर प्रतिबंध लगाता है, लेकिन किसान आईडी पर ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। इस तरह इसकी उपयोगिता कृषि से संबंधित लाभ और सेवा प्रदान करने में निहित है। यह बहुत उपयोगी सौगात प्रधान मंत्री जी ने अपने देश के किसानों के लिए दी है।

SHRIMATI KIRAN CHOUDHRY: Thank you, Sir, for giving me the opportunity. First of all, I would like to thank the hon. Minister for the great initiatives that are being taken towards farmers' empowerment. I would like to ask him: What steps are being taken to address technological challenges such as low internet penetration, lack of smart-phone access or digital illiteracy that may hinder farmers from fully benefiting from the Digital Crop Survey Initiatives? Will this Digital Crop Survey data be integrated with any other agricultural welfare schemes such as PM Kisan Samman Nidhi?

श्री शिवराज सिंह चौहान: उपसभापति महोदय, विकसित भारत के निर्माण के लिए अनेकों पहल की जा रही हैं। इसलिए जो अलग-अलग समस्याएं हैं, किसानों का दर्द समझने वाली माननीय सदस्या ने बताया है, मैं उनका आदर करता हूं, लेकिन चाहे इंटरनेट का सवाल हो या बाकी सुविधाओं का सवाल हो, वे धीरे-धीरे देश में लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसलिए इन समस्याओं का समाधान अपने आप बढ़ती हुई सुविधाओं के कारण होता चला जाएगा और किसान को इन

Contents Page

सुविधाओं का लाभ लेने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। जहां दिक्कत आएगी, उसका समाधान करने का भी हम प्रयास करेंगे।

DR. K. LAXMAN: Sir, at the outset, I would like to thank Modi*ji's* Government, which is a farmer-friendly Government, for taking such steps. The introduction of this Digital Crop Survey is a revolutionary innovative step because data is being directly collected from the field through mobile. Sir, through you, I would like to know from the hon. Minister about the mechanisms in place to audit and verify the accuracy of data collected under the Digital Crop Survey and how farmer's personal data is being protected from unauthorised access for breaches and also kept confidential.

श्री शिवराज सिंह चौहान: उपसभापति जी, पहली बात तो यह है कि जो किसानों का डेटा है, वह निजी डेटा है। जब तक किसान डेटा साझा करने केलिए अपनी स्पष्ट सहमति नहीं देगा, तब तक इसे साझा नहीं किया जाएगा। महोदय, एग्रीस्टैक सहमति का प्रावधान इसको और मजबूती प्रदान करता है, किसान को डेटा केसाझाकरण पर सीधा नियंत्रण देता है। मतलब, यदि वह चाहेगा, तो किसी केसाथ डेटा शेयर करने की सहमति देगा, यदि नहीं चाहेगा, तो सहमति नहीं देगा। किसान सहमति देने केबाद अपनी सहमति रद्द करने का काम भी कर सकता है, इसलिए डेटा की सुरक्षा को सुदृढ़ करने और उसका दुरुपयोग रोकने केलिए डेटा चाहने वाली एजेंसियों को पंजीकरण केदौरान सरकार केसमस्त डेटा, सुरक्षा नियमों और अधिनियमों का पालन करना ही होगा, जिससे इसकेदुरुपयोग की संभावनाओं को पूरी तरह से निर्मूल किया जा सके।

महोदय, यह एग्रीस्टैक इस तरह से बनाया गया है कि किसान को यह भी पता होगा कि उसका डेटा कहाँ पर साझा किया जा रहा है। किसान अपने डेटा का उपयोग करकेसरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसमें उनकेडेटा केदुरुपयोग की संभावनाओं को पूरी तरह से निर्मूल करने का प्रयत्न किया गया है, इसलिए यह बहुत उपयोगी है। यह किसान की इच्छा पर निर्भर करता है, इसलिए इसका दुरुपयोग संभव नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Question No.303.

Subsidies for purchasing digital facilities under Digital Agriculture Mission

*303. SHRI BRIJ LAL: Will the Minister of AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE be pleased to state:

(a) the specific measures implemented to prevent digital fraud or misuse of farmers' data;

Contents Page

(b) whether Government is considering providing subsidies to farmers for purchasing digital facilities such as smartphones or internet access to effectively utilize the Digital Agriculture Mission (DAM); and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE: (SHRI SHIVRAJ SINGH CHOUHAN): (a)to (c) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) State Farmer Registry, a component of AgriStack, is built in a federated architecture. Thus, the ownership of the data is with the respective States. The Ministry of Agriculture and Farmers Welfare has developed the AgriStack in accordance with the Digital Personal Data Protection Act, 2023, and other IT laws of the country. AgriStack ensures complete privacy of farmers' data by ensuring that farmers' data is collected only with their consent. Farmers have full control over their data, which is only shared with authorized entities based on their consent for a specific purpose. The Government of India also ensures robust data security in the Agri Stack, which is fully compliant with the cyber security guidelines of the Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY) and the Indian Computer Emergency Response Team (CERT-In). AgriStack sends farmers' information in an encrypted manner so that only the designated system can read it. Secure APIs and token-based authentication govern all data exchanges, ensuring controlled access to data. In addition, the government conducts security audits of all these IT systems and monitors risks.

(b) and (c) Although internet penetration has increased in rural areas, additional steps have been taken to ensure digital inclusion of farmers who do not have mobile phones, they can use existing support structures like Farmer Producer Organizations (FPOs), KrishiSakhis, and Common Service Centres (CSCs), to get them registered on Agristack and access services and benefits. Further, states are organizing the camps so that no farmer is left out from getting the benefits of Agristack. The Government is providing administrative and technical support to all the states for the implementation of the AgriStack

Contents Page

श्री बृज लाल: उपसभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से यह प्रश्न है कि क्या किसानों का डेटा सभी के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध होगा? सरकार यह कैसे सुनिश्चित कर रही है कि किसानों का डेटा सुरक्षित रखा जाए और उसका दुरुपयोग न हो? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि किसानों को कैसे पता चलेगा कि उनका डेटा साझा किया जा रहा है और वह अपने डेटा के साझाकरण से कैसे लाभ उठा सकता है?

श्री शिवराज सिंह चौहान: उपसभापति जी, मैं माननीय सदस्य बृज लाल जी का आभारी हूं कि उन्होंने यह महत्वपूर्ण सवाल किया है। जैसा कि मैं पहले निवेदन कर रहा था कि किसानों का यह डेटा उनका बिल्कुल निजी डेटा है और इस डेटा को उनकी सहमति के बिना किसी दूसरे के साथ साझा नहीं किया जा सकता है, इसलिए यह पूर्णतया उसकी मरज़ी पर है कि वह अपनी सहमति दे या न दे।

महोदय, इसके अतिरिक्त यह डेटा राज्य सरकार के पास सुरक्षित रहेगा। जब डेटा साझा किया जाएगा, तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जानकारी उसी तक जाए, जिस तक यह डेटा जा रहा है। किसान इस डेटा का लाभ अनेक योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कर सकता है। जैसा कि मैंने पूर्व में भी निवेदन किया था कि इस डेटा में जो व्यवस्थाएं की गई हैं, उनमें नंबर एक, किसान के खेत में उगाई जाने वाली फसल की बात है। वह कौन सी फसल है, एक फसल है, एक से ज्यादा फसलें हैं, इन सबको लिखने का काम लेखपाल या पटवारी करता है, लेकिन अगर वह कई बार चने की जगह गन्ना लिख दे, तो कोई कुछ नहीं कर पाता। महोदय, ऐसी शिकायतें आती हैं, नुकसान हो गया और नुकसान की भरपाई के लिए आकलन करने के लिए आदमी को छत्तीस जगह जाना पड़ता है। वह मेन्युअली जाता है, लेकिन अगर दिमाग में गड़बड़ हुई, तो जिसका नुकसान होता है, वह उसका नुकसान लिखता ही नहीं है। हमारे पास ऐसी शिकायतें कई बार आती हैं और उसमें भ्रष्टाचार की भी कई संभावनाएं रहती हैं। अब अगर उसे डिजिटली फसल की क्षति का आकलन करना है, तो सर्वेयर घर पर बैठकर आकलन नहीं कर सकता है। उसे खेत में जाना पड़ेगा, फोटो कैप्चर करनी पड़ेगी, बिना इसके डेटा कैप्चर ही नहीं होगा। डिजिटल धोखाधड़ी और किसानों के डेटा का दुरुपयोग रोकने के लिए अनेकों उपाय किए गए हैं, जिसमें भारत सरकार आईटी अधिनियम, 2000, इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय MeitY और CERT-In के विभिन्न साइबर सुरक्षा निर्देशों का पूरी तरह से पालन करती है। एग्रीस्टैक किसानों की जानकारी को गोपनीय तरीके से रखता है। वह उसे सार्वजनिक नहीं करता है, ताकि केवल निर्धारित सिस्टम ही इसको पढ़ पाए और कोई दूसरा इसको नहीं पढ़ पाए। सुरक्षित एपीआई और टोकन आधारित प्रमाणीकरण, सभी डेटा के आदान-प्रदान को नियंत्रित करते हैं, जिससे डेटा तक नियंत्रित पहुंच सुनिश्चित होती है। वहां हर कोई नहीं पहुंच सकता है। इसके अलावा सरकार आईआईटी सिस्टम में संग्रहीत डेटा की सुरक्षा के लिए इन सभी आईटी सिस्टम्स का नियमित सुरक्षा ऑडिट करती है और इसलिए मैं माननीय सदस्य के माध्यम से सदन और किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसका उपयोग केवल योजनाओं का लाभ लेने में और सुविधाएं लेने में होगा। इससे भ्रष्टाचार रुकेगा, बेईमानी रुकेगी और धोखाधड़ी भी रुकेगी। जो काम कई दिनों में होता था, किसान कई तरह के डेटा इकट्ठा करने के लिए, कागज के लिए घूमता था, वह काम एक मिनट में होगा, चाहे वह बैंक लोन हो, फसल बीमा का लाभ हो या किसी

Contents Page

अन्य योजना का लाभ हो, जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ उठाना हो, वह तुरंत उस लाभ को ले सकेगा। इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को पूरी तरह से निर्मूल किया गया है।

श्री उपसभापति: सेकंड सप्लिमेंटरी।

श्री बृज लाल: उपसभापति महोदय, मेरा दूसरा प्रश्न है कि किसानों की शिकायतों के समाधान के लिए सरकार ने क्या प्रावधान किए हैं तथा शिकायत निवारण के चैनल्स क्या हैं?

श्री उपसभापति: माननीय मंत्री जी।

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय, उपसभापति महोदय मैं आभारी हूं, क्योंकि यह सवाल भी बहुत अच्छा है। किसान को यह जानना चाहिए कि अगर कोई शिकायत है, तो उसके समाधान की क्या व्यवस्थाएं की जाएंगी। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जो किसान रजिस्ट्री है, उसको राज्य में राजस्व रिकॉर्ड के साथ जोड़ा गया है। राजस्व विभाग द्वारा अपने राजस्व रिकॉर्ड को समय पर अपडेट किए जाने के कारण यह भी अपडेट हो जाती है। मान लीजिए, किसी किसान ने अपनी जमीन किसी और को बेच दी, तो तत्काल किसान रजिस्ट्री में अपडेट हो जाएगा कि यह जमीन शिवराज के नाम नहीं है, बल्कि गिरिराज के नाम पर है, तो तुरंत उसे अपडेट किया जा सकेगा। पहले कई बार म्यूटेशन होता ही नहीं था। जमीन बेच दी और म्यूटेशन नहीं कराया, तो वास्तविक स्थिति के बारे में पता ही नहीं चलता था। किसी की मृत्यु हो गई, तो यह अपडेट ही नहीं होता था कि अब ये रहे ही नहीं। अब तत्काल अपडेट हो जाएगा कि ये अब नहीं हैं और इनके वारिस ये हैं, तो इनके नाम वह जमीन आ गई है। इसको अपडेट करने की पूरी व्यवस्था की गई है। किसान रजिस्ट्री बनाने के दौरान कुछ समस्याएं जरूर आती हैं, जैसे संयुक्त भूमि के स्वामित्व का कोई मामला है। पिता की मृत्यु हुई और उनके चार बेटे हैं, तो चारों के नाम पर वह जमीन आ गई, तो क्या करें? इस तरह की कोई समस्या आ जाती है। इन स्थितियों को भी हल करने के लिए मंत्रालय राज्य को अपने भूमि स्वामित्व को अपडेट करने और संयुक्त मालिकों और मित मालिक आदि की समस्या से निपटने के लिए नियमों को स्पष्ट कर राज्यों की नीति के अनुसार एप्लिकेशन में जरूरी तकनीकी सुधार करने के भी सुझाव दे रही है। ऐसे समाधान के बावजूद भी यदि किसानों की भूमि रिकॉर्ड अपडेट नहीं किए गए हों और कोई विसंगति पाई गई हो, तो शिकायत निवारण तंत्र grievance redressal system किसानों की मदद करता है। इसमें किसान रजिस्ट्री, मोबाइल या वेब एप्लिकेशन का उपयोग कर किसान अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं या ऑफलाइन मोड में भी शिकायत दर्ज करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर में भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा, वे हेल्पलाइन के माध्यम से भी समाधान प्राप्त कर सकते हैं। शिकायतों को गांव, जिला या राज्य स्तर के कृषि और राजस्व विभागों में भी दर्ज करवाया जा सकता है और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका हल करवाया जा सकता है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Dr. Fauzia Khan. Not present. Shri A.A. Rahim. Not present. Dr. Ajeet Madhavrao Gopchade.

Contents Page

डा. अजित माधवराव गोपछड़े: उपसभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे प्रश्न पूछने की अनुमति दी है। जननेता लोकप्रिय प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी युग में कृषि क्षेत्र में बहुत अच्छे क्रांतिकारी निर्णय लिए जा रहे हैं। इसका किसानों को बहुत लाभ हो रहा है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी से आपके माध्यम से यह प्रश्न पूछना चाहता हूँ कि फसल सर्वेक्षण को भू-अभिलेखों से किस प्रकार जोड़ा जा रहा है और यह क्यों महत्वपूर्ण है? डिजिटल फसल सर्वेक्षण और किसानों के लिए बीमा दावों के निपटान और आपदा राहत में तेजी लाने में हमारा कृषि मंत्रालय किसानों की कैसे मदद कर रहा है?

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, डिजिटल फसल सर्वेक्षण में जो बोई गई फसलें हैं, उनका रिकॉर्ड दर्ज किया जाता है और यह रिकॉर्ड एक Unique Farm ID और खेत के geo coordinate से जुड़ा होता है। प्रत्येक खेत, Farm ID को किसान ID के साथ जोड़ दिया जाता है, जो फसल सर्वेक्षण डाटा को किसान के भूमि रिकॉर्ड के साथ सहज रूप से जोड़ देता है, जोड़ने में सक्षम बनाता है। इस तरह के linkage से किसानों के लिए सरकार को कृषि के लाभ का सही वितरण करने में मदद मिलती है। अब डिजिटल फसल सर्वेक्षण में हम पूरा का पूरा सर्वे करते हैं। इसमें किसान के खेत में बोई गई फसल का सर्वे किया जाता है। अगर intercropping है, तो कई बार पता ही नहीं चलता। मान लीजिए कि एक एकड़ जमीन है और 15 डिसमिल में उसने अलग फसल बोई है, तो पहले उसको चक्कर लगाने पड़ते थे। अब अगर उसने चने के साथ तुअर भी बोई है, तो डिजिटल सर्वेक्षण में यह स्पष्ट रूप से पता चल जाता है। माननीय उपसभापति महोदय, डिजिटल फसल सर्वेक्षण का उपयोग किसान द्वारा बोई गई फसलों का मौसमवार डाटा प्राप्त करने में भी होता है। यह किसानों के लिए digitally कृषि की समस्याओं के समाधान और सेवाओं का आधार बन जाता है। मैं आपसे यह निवेदन भी करना चाहता हूँ कि यह linkage यह सुनिश्चित करता है कि सभी पात्र किसानों को पीएम किसान जैसी योजनाओं का तत्काल लाभ मिल जाए। यह प्रशासन के लिए duplicate दावों की समस्या को खत्म करते हुए पूर्व लाभार्थी, मतलब अब जो किसान नहीं हैं, उनको रिकॉर्ड से हटाते हुए धोखाधड़ी को रोकने और सेवा के वितरण में सुधार लाने में भी मदद करता है।

सर, उन्होंने बीसीएस के माध्यम से बीमा की बात पूछी, उसके बारे में बता कर मैं अपनी बात समाप्त करूँगा। इससे बीमा दावों का भी आसानी से निपटारा किया जा सकता है। पहले बीमा के दावों के निपटारे के लिए खेत में जाकर manually survey होता था। अब तो पूरा रिकॉर्ड है, बीमा कंपनी के पास जाइए, Farmer ID में पूरा रिकॉर्ड मौजूद है कि यह फसल बोई थी और डिजिटल सर्वेक्षण के कारण तुरंत यह पता चल जाता है कि नुकसान कितना हुआ है। पहले crop cutting experiment के कारण बीमा कंपनियों और राज्य सरकारों के बीच में विवाद होता था, लेकिन अब पूरी तरह से प्रमाणित डाटा आता है, तो तत्काल बीमा कंपनी किसान को क्लेम दे सकती है और किसान के खाते में पैसा आ सकता है। इससे बीमा के क्लेम का भुगतान भी बहुत जल्दी और बहुत आसानी से हो जाता है।

श्री उपसभापति: माननीय मंत्री जी, एक सवाल के बाद तंबी दुरै जी का अगला सवाल आप ही से है, इसलिए उनका अनुरोध है कि आप अपने जवाब को थोड़ा brief करेंगे, तो उनको मौका

Contents Page

मिलेगा। I have conveyed your request. श्री सुभाष बराला जी। आप एक संक्षिप्त क्वेश्चन पूछें।

श्री सुभाष बराला: माननीय उपसभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने डिजिटल कृषि मिशन के बारे में बहुत विस्तार से बताया है। माननीय प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में माननीय मंत्री जी ने कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों का उपयोग करके बहुत ही उल्लेखनीय कार्य किया है और कृषि क्षेत्र को बहुत बड़ा बल प्रदान किया है।

श्री उपसभापति: आप सवाल पूछें।

श्री सुभाष बराला: उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि आपके पास तो सारा ब्यौरा, किस फसल की कितनी बुवाई किस क्षेत्र के अंदर हुई है, यह सारा डाटा आता है, तो मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूँ कि मिलेट्स, यानी कि मोटे अनाज की बुवाई में कितनी वृद्धि का रिकॉर्ड आपके पास आया है और भविष्य में इसमें और ज्यादा वृद्धि किस प्रकार से हो, इसके लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, सुभाष बराला जी एक युवा और विद्वान सांसद हैं। अभी 4 करोड़, 60 लाख किसानों की farmer ID बनी है। उन्होंने millets के बारे में यह जानकारी प्राप्त करना चाही है कि millets का क्षेत्र कितना बढ़ा है, तो millets के क्षेत्र में वृद्धि के प्रयत्न लगातार किए जा रहे हैं। उन प्रयत्नों के कारण millets का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। डिजिटल कृषि क्रांति भी इसीलिए है कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके यह भी पता किया जा सकता है कि किसान कौन सी फसल उगाये। Millets के उत्पादन को बढ़ाने के भी प्रयत्न लगातार किए जा रहे हैं। यह प्रश्न, मूल प्रश्न से उद्भूत नहीं हो रहा है, लेकिन मैं उनके भाव का आदर करता हूँ, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Bhagwat Karad; last supplementary.

डा. भागवत कराड़: माननीय उपसभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी का अभिनन्दन करना चाहता हूँ कि दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़ी फसल बीमा योजना हमारे देश में शुरू हुई है। महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि फसल बीमा योजना के बारे में न्यूजपेपर्स में बहुत सारी न्यूज आ रही है कि उसमें फ्रॉड हो रहा है और illegal notification of farmers' land on somebody else's name हो रहा है, तो क्या यह सही है? अगर यह सही है, तो फसल बीमा योजना में ऐसे कितने फ्रॉड्स आए हैं और उसके लिए सरकार क्या कर रही है?

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, यह डिजिटल कृषि मिशन इसीलिए है कि हम अपने पास सही डेटा रखें, ताकि जिनकी फसल का नुकसान हुआ है, उनकी जानकारी

Contents Page

और फसल की क्षति का आकलन भी डिजिटली प्राप्त किया जा सकेऔर सही प्राप्त किया जा सके। इस डिजिटल कृषि मिशन केबाद ऐसे फ्रॉड्स बिल्कुल नहीं होंगे, यह मेरा विश्वास है। जहाँ तक अभी कोई शिकायत आती है, तो शिकायत निवारण केलिए हमारे पास एक तंत्र है। जैसे, मैं महाराष्ट्र केबारे में भी बताना चाहूँगा कि वहाँ फसल बीमा योजना में गलत दावों की लगभग 80 हजार शिकायतें आई थीं। तब हम जाँच करते हैं और जाँच केबाद दोषी केखिलाफ कार्रवाई करते हैं। वैसी शिकायतों की जाँच का भी एक तंत्र बना हुआ है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Question No. 304. Dr. Ashok Kumar Mittal;not present. Supplementaries!

Protecting critical infrastructure and private data against cyber attacks

*304. DR. ASHOK KUMAR MITTAL: Will the Minister of ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY be pleased to state:-

(a) whether Government is aware of the increasing frequency and sophisticatio n of
cyberattacks in the country, if so, the reasons for the inadequate cybersec urity infrastructure to address these threats;

(b) the details of cybersecurity incidents reported in the last three years and the extent of data breaches caused by these attacks;

(c) whether Government has formulated a robust national cybersecurity strate gy, if so, the reasons as to why it remains unimplemented; and

(d) the steps being taken to ensure accountability for protecting critical infrastructure and private data against cyber threats?

THE MINISTER FOR ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY: (SHRI ASHWINI VAISHNAW)(a) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (d) Government is cognizant of the increasing frequency and sophistication of cyber attacks in the country. Government has taken several legal, technical, and administrative policy measures for addressing cyber security challenges in the country.The Government has also institutionalised a nationwide integrated and

Contents Page

coordinated system to deal with cyber-attacks in the country which, inter alia, includes:

i. National Cyber Security Coordinator (NCSC) under the National Security Council Secretariat (NSCS) to ensure coordinationamongst different agencies.
ii. Under the provisions of section 70B of the Information Technology (IT) Act, 2000, the Indian Computer Emergency Response Team (CERT-In) is designated as the national agency for responding to cyber security incidents.
iii. National Cyber Coordination Centre (NCCC) implemented by the CERT-In serves as the control room to scan the cyberspace in the country and detect cyber security threats. NCCC facilitates coordination among different agencies by sharing with them the metadata from cyberspace for taking actions to mitigate cyber security threats.
iv. Cyber Swachhta Kendra (CSK) is a citizen-centric service provided by CERT-In, which extends the vision of Swachh Bharat to the Cyber Space. Cyber Swachhta Kendra is the Botnet Cleaning and Malware Analysis Centre and helps to detect malicious programs and provides free tools to remove the same. It also provides cyber security tips and best practices for citizens and organisations.
v. Ministry of Home Affairs (MHA) has created Indian Cybercrime Coordination Centre (I4C) to deal with cybercrimes in a coordinated and effective manner.
vi. Under the provisions of section 70A of the ITAct, 2000, the Government has established National Critical Information Infrastructure Protection Centre (NCIIPC) for protection of critical information infrastructure in the country.

As per the information reported to and tracked by CERT-In, the total number of cyber security incidents in the last three years are given below:

Year	Total number of cyber security incidents
2022	13,91,457
2023	15,92,917
2024	20,41,360

The policies of the Government are aimed at ensuring an Open, Safe and Trusted and Accountable Internet for its users.National Cyber Security Policy (NCSP)was published by the Government with the vision of building a secure and resilient cyberspace for citizens, businesses and Government and a mission to

Contents Page

protect information and information infrastructure in cyberspace, build capabilities to prevent and respond to cyber threats, reduce vulnerabilities and minimize damage from cyber incidents through a combination of institutional structures, people, processes, technology and cooperation.

Government has taken following stepsfor protecting critical infrastructure and private data against cyber threats, which, inter-alia, includes:

i. NCIIPC provides threat intelligence,situational awareness, alerts & advisoriesand information on vulnerabilities toorganisations having Critical InformationInfrastructures (CIIs)/ Protected Systems(PSs) for taking preventive measures against cyber-attacks and cyber terrorism. It alsoprovides all cyber security related advice tothese organisations, whenever asked for.Further, it follows up with concernedorganisations for compliance of the IT(Information Security Practices &Procedures for Protected Systems) Rules,2018to improve their cyber security posture.It also organises training/awarenesssessions for employees of entities havingCIIs/PSs.

ii. The Information Technology (Reasonable Security Practices and Procedures and Sensitive Personal Data or Information), 2011 ("SPDI Rules") made under section 43A of the IT Act has prescribed reasonable security practices and procedures to protect sensitive personal data of users.

iii. The Information Technology (Intermediary Guidelines and Digital Media Ethics Code) Rules, 2021 ("IT Rules, 2021")under the IT Act prescribes that the intermediary shall take all reasonable measures to secure its computer resource and information contained therein following the reasonable security practices and procedures as prescribed in the SPDI Rules.

iv. The Digital Personal Data Protection Act, 2023 (DPDPA) provides for the processing of digital personal data in a manner that recognizes both the rights of the individuals to protect their personal data and processing of personal data of individuals for lawful purposes by the Data Fiduciaries.

v. CERT-In issued Cyber Security Directions in April 2022 under sub-section (6) of section 70B of Information Technology Act, 2000 relating to information security practices, procedure, prevention, response and reporting of cyber incidents for Safe & Trusted Internet.

vi. CERT-In issued guidelines on information security practices for government entities in June 2023 covering domains such as data security, network security, identity and access management, application security, third-party outsourcing,

Contents Page

hardening procedures, security monitoring, incident management and security auditing.

vii. CERT-In has issued an advisory to various Ministries in November 2023 outlining the measures to be taken for strengthening the cyber security by all entities that are processing the digital personal data or information including sensitive personal data or information.

viii. CERT-In operates an automated cyber threat intelligence exchange platform for proactively collecting, analysing and sharing tailored alerts with organisations across sectors for proactive threat mitigation actions by them.

ix. CERT-In provides leadership for the Computer Security Incident Response Team-Finance Sector (CSIRT-Fin) operations under its umbrella for responding to and containing and mitigating cyber security incidents reported from the financial sector.

x. CERT-In has formulated a Cyber Crisis Management Plan for countering cyber attacks and cyber terrorism for implementation by all Ministries/ Departments of Central Government, State Governments and their organizations and critical sectors.

xi. Cyber security mock drills are conducted regularly to enable assessment of cyber security posture and preparedness of organisations and enhance resilience in Government and critical sectors. 109 such drills have so far been conducted by CERT-In where 1438 organizations from different States and sectors participated.

xii. CERT-In has empanelled 200 security auditing organisations to support and audit implementation of Information Security Best Practices.

xiii. CERT-In conducts regular training programmes for network and system administrators and Chief Information Security Officers of government and critical sector organisations regarding securing information technology infrastructure and mitigating cyber-attacks. A total of 12,014 officials have been trained in 23 training programs in 2024.

xiv. CERT-In regularly conducts various activities for awareness and citizen sensitization with respect to cyber-attacks and cyber frauds.

xv. The Ministry of Electronics and Information Technology conducts programmes to generate information security awareness. Awareness material in the form of handbooks, short videos, posters, brochures, cartoon stories for children, advisories, etc. on various aspects of cyber hygiene & cyber security including deepfakes are disseminated through portals such as www.staysafeonline.in,www.infosecawareness.in and www.csk.gov.in.

Contents Page

श्री निरंजन बिशी: उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि आज देश में साइबर अटैक बढ़ रहा है, जिसके कारण हमारे भारत देश के जो बैंक कस्टमर्स हैं, डिपॉजिटर्स हैं, उनमें से 30 लाख से ज्यादा कस्टमर्स के बैंक खाते खाली हो गये हैं और कम से कम 28,000 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। तो हमारे माननीय मंत्री जी सिटिजंस डाटा को प्रोटेक्ट करने के लिए, बैंक फ्रॉड को रोकने के लिए और बैंक डिपॉजिटर्स के खातों में जो साइबर अटैक होता है, उस साइबर अटैक को रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाते हैं? जो साइबर अटैक हुआ है, लोगों के साथ 28,000 करोड़ से ज्यादा का बैंक फ्रॉड हुआ है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please be brief.

श्री निरंजन बिशी: साइबर क्रिमिनल्स समूचा खाता खाली कर देते हैं, चाहे वह गरीब हो, धनी हो या अधिकारी हो। उसका पैसा वापस लाने के लिए, उसके बैंक खाता में सेविंग डिपॉजिट या सेविंग अमाउंट कैसे रिटर्न होगा, कैसे वह डिपॉजिटर्स को मिलेगा, इसके लिए हमारे माननीय मंत्री महोदय क्या कदम उठा रहे हैं?

श्री अश्विनी वैष्णव: माननीय उपसभापति महोदय, साइबर अटैक्स हमारे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती हैं और इस चुनौती को किस तरह से फेस करें, इसके लिए सरकार ने एक बहुत comprehensive legal, technical और awareness के माध्यम से सभी नागरिकों को इसके लिए तैयार करने का काम किया है। महोदय, legal तरीके से काम करने के लिए, पहले तो एक Digital Personal Data Protection Act सदन से पास हुआ है और उससे बहुत बड़े अच्छे प्रावधान आए हैं। आईटी एक्ट के अंदर कई तरह के जो प्रावधान हैं, उनको मजबूत किया गया है। साथ-ही-साथ भारत की जो नई न्याय संहिता बनी है, उसमें भी नए प्रावधान किए गए हैं, जिसमें जहाँ पर भी साइबर क्रिमिनल्स कुछ attempts करते हैं, उनके ऊपर बड़ा punishment हो - वह व्यवस्था की गई है, Section 111 of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS). टेक्निकल माध्यम से इसे रोकने के लिए भी बहुत सारे प्रयास किए गए हैं। इसमें I4C का सबसे बड़ा महत्व है। I4C में basically होम मिनिस्ट्री में, law reinforcement agencies के साथ, राज्य सरकारों के साथ, बैंक्स के साथ और कई तरह के सेक्टर्स के साथ मिल कर एक coordinated तरीके से attack को विफल करने का प्रयास किया जाता है। इसके बहुत अच्छे परिणाम भी आए हैं। मान्यवर उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सभी माननीय सदस्यों को बताना चाहूँगा कि जी-20 हो या जब अयोध्या जी में 'भगवान श्रीराम' का भव्य मंदिर बना, तब बहुत मेजर तरीके से, बहुत ही कंसर्टेड तरीके से भारत पर साइबर अटैक किए गए थे, हम उन सब चुनौतियों को बहुत अच्छे प्रभावी तरीके से रोक पाए थे।

श्री उपसभापति: धन्यवाद। माननीय अयोध्या रामी रेड्डी आला।

Contents Page

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, I want to ask the hon. Minister: Has a robust national cyber security strategy been developed? If so, why is it not implemented yet?

श्री अश्विनी वैष्णव: मान्यवर उपसभापति महोदय, देश में आज एक बहुत ही robust cyber security policy है और उस पॉलिसी का इंप्लीमेंटेशन भी बहुत ही केयरफुल तरीकेसे किया जा रहा है और मैं इसका एक रिजल्ट आपको बताना चाहूँगा। पहले भारत की रैंकिंग Global Cyber Security Indexes में करीब 30-40 केआसपास होती थी, आज भारत की रैंकिंग टॉप 10 में आ गई है और यह उसी का परिणाम है क्योंकि बहुत सारे techno legal measures लिए गए हैं। बाकी देशों केcomparison में भारत की जो एक अलग पहचान बनी है, वह यह पहचान बनी है कि कई देशों ने केवल लीगल मेथड्स अपनाए, लेकिन भारत ने इसे टेक्निकल और लीगल, इन दोनों मेथड्स का combination बनाया। हमारे आईआईटीज़ के साथ मिल कर, कई रिसर्च इंस्टीट्यूट्स केसाथ में मिल कर, कई नए तरह केटेक्निकल टूल्स और टेक्निकल मेथड्स का इन्वेंशन किया जा रहा है, जिसका आज दुनिया केऔर कई देश उपयोग करना चाहते हैं। एक तरीकेसे एक बहुत ही comprehensive policy केसाथ काम चल रहा है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Last supplementary, Shri Upendra Kushwaha.

श्री उपेन्द्र कुशवाहा : महोदय, मेरा जवाब आ गया है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we move to Q.No.305.

Steps to improve economic condition of farmers

*305. DR. M. THAMBIDURAI: Will the Minister of AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that nearly 70 per cent of the population is dependent on agriculture and allied activities;
(b) if so, the details thereof;
(c) whether it is also a fact that their economic condition has not improved till today;
(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor; and
(e) the steps taken by Government to improve farmers economic condition?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE: (SHRI SHIVRAJ SINGH CHOUHAN) (a) to (e) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) As per the Periodic Labour Force Survey (PLFS) conducted by the National Statistical Office (NSO), Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI) from July, 2023 to June, 2024 about 46.1 percent of the total workforce of the Country is engaged in agriculture and allied sector during 2023-24.

(c) and (d) The National Statistical Office (NSO), Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI), carried out the Situation Assessment Survey (SAS) of Agricultural Households during NSS 70th (January – December, 2013) and 77th round (January – December, 2019) in the rural areas of the country. According to the SAS findings, the average monthly income per agricultural household has increased from Rs. 6,426 during 2012-13 to Rs. 10,218 in 2018-19, showing an increase of about 59 percent.

(e) Agriculture being a State Subject, the State Governments take appropriate measures for development of agriculture in the State. However, Government of India is committed to enhance the welfare of farmers and making agriculture more remunerative. Government of India supplements the efforts of States through appropriate policy measures and budgetary support and various schemes/ programmes. The various schemes/ programmes of the Government of India are meant for the welfare of farmers by increasing production, remunerative returns and income support to farmers. These schemes encompass entire spectrum of agriculture including credit, insurance, income support, infrastructure, crops including horticulture, seeds, mechanization, marketing, organic and natural farming, farmer collectives, irrigation, extension, procurement of crops from farmers at minimum support prices, digital agriculture etc. Additionally, Government had increased MSPs for all mandated Kharif, Rabi and other Commercial crops with a minimum return of 50 percent over all India weighted average cost of production from 2018-19 onwards.

List of Central Sector and Centrally Sponsored Schemes beingimplemented by Department of Agriculture & Farmers Welfare (DA&FW) is given in **Annexure.**

Annexure

I. Central Sector Schemes

1. Pradhan MantriKisanSammanNidhi (PM-KISAN)

2. Pradhan MantriKisanMaanDhanYojana (PM-KMY)
3. Pradhan MantriAnnadataAaySanrakshanAbhiyan (PM-AASHA)
4. Pradhan MantriFasalBimaYojana (PMFBY)/Restructured Weather Based Crop Insurance Scheme (RWBCIS)
5. Modified Interest Subvention Scheme (MISS)
6. National Bee Keeping and Honey Mission (NBHM)
7. Agriculture Infrastructure Fund (AIF)
8. Formation and Promotion Of 10,000 Farmer Producer Organizations (FPOs)
9. Agri Fund for Start Ups & Rural Enterprises (AgriSURE)
10. Namo Drone Didi

II. **Centrally Sponsored Scheme**

(a) **National Mission on Natural Farming (NMNF)**

(b) **KrishonnatiYojana**

1. Integrated Scheme for Agriculture Marketing -National Agriculture Market (ISAM-eNAM)
2. Integrated Scheme for Agricultural Marketing-Others (ISAM-Others)
3. National Food Security and Nutrition Mission (NFSNM)
4. National Mission on Edible Oil-Oil Seeds (NMEO-OS)
5. National Mission on Edible Oil-Oil palm (NMEO-OP)
6. Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH)
7. Mission Organic Value Chain Development for North Eastern Region (MOVCDNER)
8. Sub-Mission on Agricultural Extension (SMAE)
9. Digital Agriculture

(c) **RashtriyaKrishiVikasYojana (RKVY)**

1. RashtriyaKrishiVikasYojana- DPR (RKVY-DPR)
2. ParamparagatKrishiVikasYojana (PKVY)
3. Per Drop More Crop (PDMC)
4. Soil Health and Fertility
5. Rainfed Area Development (RAD)
6. Agroforestry
7. Sub-Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) {Crop Residue Management (CRM) now merged with SMAM}

Contents Page

8. Crop Diversification Programme (CDP)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: First supplementary. Dr. M. Thambidurai. Dr. Thambidurai looks very anxious to get his opportunity.

Dr. M. THAMBIDURAI: Sir, the Minister has said that agriculture is a State subject. At the same time, however, Government of India is committed to enhance the welfare of the farmers and make agriculture more remunerative. Water is very important. Would he persuade the concerned Ministry to see to it that Cauvery water is released properly for the people of Tamil Nadu?

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, मेरा विभाग कृषि और किसान कल्याण विभाग है और राज्यों के बीच अगर जल के बँटवारे का कोई सवाल है, तो वह मेरे विभाग का विषय नहीं है एवं यह मूल प्रश्न से उद्भूत भी नहीं होता है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Second supplementary.

Dr. M. THAMBIDURAI: Sir, my second supplementary is regarding MSP. Recently, the DMK Government promised that they are going to implement MSP price for Paddy and Sugarcane. Also, they promised to give interest-free loan to the farmers. They also promised co-operative banks to be accessible to the farmers. The farmers have put their jewels and everything in the bank thinking that the Government would waive off that. I want to ask whether these kinds of problems are there. To save the farmers, will MSP be given? Is the Central Government aware of whatever wrong promises the DMK Government had given at that time? And how is it going to help the farmers of Tamil Nadu which DMK Government failed to do? This is what I want to know.

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, हम जो कहते हैं, वह करते हैं। मोदी जी के नेतृत्व में यह बीजेपी और एनडीए का मूल मंत्र है। हम चुनाव में भी जो वचन देते हैं, उनको नरेन्द्र मोदी जी की सरकार अक्षरशः पूरा करने का काम करती है, क्योंकि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरा करने की गारंटी है। लेकिन, आजकल के राजनीतिक दल, जब चुनाव आते हैं, तो असत्य वादे कर लेते हैं। कोई कहता है कि कर्जा माफ कर देंगे, कोई कहता है कि बिना ब्याज के लोन दे देंगे। अब, ऐसे ही वादों के बारे में हमारे विद्वान सदस्य यहाँ चर्चा कर रहे थे। मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो वादा करते हैं, उनको वादा पूरा भी करना चाहिए। अगर वचन पूरा नहीं किया, तो यह किसानों के साथ, राज्य के साथ, राज्य की जनता के साथ नाइंसाफी है और इसलिए इस तरह के वादे पूरा न करने के लिए जनता ही उनको दंडित करेगी।

Contents Page

माननीय उपसभापति महोदय, जहाँ तक हमारी सरकार का सवाल है, उसने किसानों के कल्याण की अनेक योजनाएँ बनाई हैं। यह तो मोदी जी की सरकार है, जिसने "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि" के नाम से हर किसान के खाते में 6,000 रुपये हर साल डालने का फैसला किया। किसान को कम ब्याज पर कर्ज मिले, इसके लिए मोदी जी की सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से इफेक्टिव 4% ब्याज पर ऋण देने का फैसला किया और अब तो ऋण की सीमा भी 3 लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक बढ़ाने का काम किया है, ताकि सुलभ और आसान ऋण कम ब्याज पर किसानों को उपलब्ध हो सके।

माननीय उपसभापति महोदय, किसानों को सस्ती खाद मिले, इसलिए 2,54,000 करोड़ रुपये तक की फर्टिलाइजर सब्सिडी देने का काम किसी ने किया है, तो वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। हम किसान को राहत देने के लिए कटिबद्ध हैं। ये इरिगेशन के बारे में सवाल पूछ रहे थे। सूक्ष्म सिंचाई मिशन, 'Per Drop More Crop' के लिए किसानों को सस्ते दाम पर, 45 से लेकर 55 परसेंट तक की सब्सिडी कौन दे रहा है, वह केवल नरेन्द्र मोदी जी की सरकार देने का काम करती है। यह मोदी जी की सरकार है, जो Soil Health Card बनवाती है और यह मोदी जी की ही सरकार है, जो रिकॉर्ड एमएसपी की खरीदी करती है। यह मोदी जी की सरकार है, जो किसान के उत्पादन में आने वाली लागत पर 50% से ज्यादा मुनाफा देकर एमएसपी तय करने का काम करती है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं एक ही उदाहरण बताऊँगा। जब पिछली सरकारें थीं, तो दलहन की फसल 6 लाख मीट्रिक टन खरीदी गई थी। यह मोदी जी की सरकार की गारंटी पूरा करने की गारंटी है कि उसने 1,73,000 लाख मीट्रिक टन खरीदने का चमत्कार किया है। किसानों के कल्याण की कई योजनाएँ मोदी जी की सरकार ने बनाई हैं, जिनका लाभ तमिलनाडु की जनता को भी मिल रहा है। हम केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ तमिलनाडु की जनता को भी देने के लिए कटिबद्ध हैं और इन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन किसानों को लाभ पहुँचाया जा रहा है।

श्री उपसभापति: माननीय माया नारोलिया जी।

श्रीमती माया नारोलिया: माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया। हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में हमारे कृषि मंत्री, आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी कृषि क्षेत्र में एवं किसानों के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं।

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

माननीय मंत्री जी से मेरा प्रश्न है कि किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं और उसकी स्थिति क्या है? सरकार ने किसानों को अधिक आय प्रदान करने के लिए एमएसपी पर क्या उपाय किए हैं?

Contents Page

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय सभापति महोदय, किसान की आय बढ़े, इसके लिए किसान सम्मान निधि तथा फर्टिलाइजर सब्सिडी शुरू की गई है। किसानों की आय बढ़े, इसके लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर संस्थागत लोन, जो पहले केवल 7 लाख करोड़ रुपये मिलता था, वह बढ़कर अब 25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। किसानों की आय बढ़े, इसलिए दलहन मिशन और तिलहन मिशन प्रारंभ किए गए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए मोदी जी की सरकार एक नहीं, अनेक उपाय निरंतर कर रही है। मैं एमएसपी के मामले में फिर कहना चाहूँगा कि किसान को लाभकारी मूल्य देकर एमएसपी तय करने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह मोदी जी की सरकार ने किया है। एमएसपी लगातार बढ़ाई गई। माननीय सभापति महोदय, समय कम है, लेकिन मैं बताना चाहता हूँ कि चाहे गेहूँ हो, चावल हो, दलहन हो, तिलहन हो, उसमें आप देख लीजिए, एमएसपी लगातार बढ़ाई जा रही है और किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए आयात-निर्यात नीति भी बनाई जा रही है। माननीय सभापति महोदय, अभी पिछले दिनों मसूर के आयात पर 10 परसेंट आयात शुल्क लगाने का काम किया है, ताकि किसानों को ठीक दाम मिल सके। हमने हाल ही में फैसला किया है कि चने के आयात पर 10 परसेंट import duty लगाई जाएगी, ताकि किसानों को सही दाम मिल सके और उनकी आय बढ़ सके। ऐसे एक नहीं, बल्कि अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over. Now, Papers to be laid on the Table.

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part -I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials]

PAPERS LAID ON THE TABLE

I. **Notifications of the Ministry of Commerce and Industry**

II. **Reports and accounts** (2023-24) **of EPCES, New Delhi; C-MET, Pune, Maharashtra and related papers.**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. L. MURUGAN): Sir, on behalf of my colleague, Shri Jitin Prasada, I lay on the Table—

I. (i) A copy each (in English and Hindi) of the following Notifications of the Ministry of Commerce and Industry (Department for Promotion of Industry and Internal Trade), issued under Section 16 of the Bureau of Indian Standards Act, 2016: -

Contents Page

(1) S.O. 355(E)., dated the 21st January, 2025, publishing the Electrical Appliances for domestic water heating (Quality Control) Order, 2025.

[Placed in Library. *See* No. L. T. 2446/18/25]

(2) S.O. 358(E)., dated the 21st January, 2025, publishing the Refrigerating Appliances (Quality Control) Amendment Order, 2025.

[Placed in Library. *See* No. L. T. 2447/18/25]

(3) S.O. 501(E)., dated the 28th January, 2025, publishing the Flashlight (Quality Control) Order, 2025.

(4) S.O. 529(E)., dated the 30th January, 2025, publishing the Air Cooler and Air Filters (Quality Control) Order, 2025.

(5) S.O. 693(E)., dated the 11th February, 2025, publishing the Stainless Steel Pipes and Tubes (Quality Control) Order, 2025.

(6) S.O. 801(E)., dated the 14th February, 2025, publishing the Furniture (Quality Control) Order, 2025.

[Placed in Library. For (3) to (6), *see* No. L. T. 2446/18/25]

(ii) A copy (in English and Hindi) of the Ministry of Commerce and Industry (Department for Promotion of Industry and Internal Trade) Notification No. S.O. 695(E)., dated the 11th February, 2025, publishing the Air Conditioner and its related Parts, Hermetic Compressor and Temperature Sensing Controls (Quality Control) Amendment Order, 2025, issued under Section 16 and sub-section (3) of Section 25 of the Bureau of Indian Standards Act, 2016.

[Placed in Library. *See* No. L. T. 2446/18/25]

(iii) A copy (in English and Hindi) of the Ministry of Commerce and Industry (Department of Commerce) Notification No. S.O. 23(E)., dated the 2nd January, 2025, amending Foreign Trade Policy 2023 to include Para 1.07A and 1.07B for consultation with stakeholders to seek views, suggestions, comments or feedback from relevant stakeholders, including importers/exporters/industry experts concerning the formulation or amendment of the Foreign Trade Policy, issued under Section 5 of the Foreign Trade (Development and Regulation) Act, 1992.

[Placed in Library. *See* No. L. T. 2449/18/25]

Contents Page

हमारे रिसर्च एंड डेवलपमेंट के जो पूरे आधार हैं, अब आप उनको ले लीजिए। आप आईआईटीज़, एनआईटीज़, आईआईएसईआर या फिर डीआरडीओ या सीएसआईआर के लैब्स को ले लीजिए। ये जो नेशनल लेवल के जितने रिसर्च इंस्टिट्यूशंस हैं, उन्हीं पर ही इसे आधारित रख रहे हैं। आप स्कूल को भी छोड़ दीजिए, गवर्नमेंट कॉलेजेज़ को भी छोड़ दीजिए, यूनिवर्सिटीज़ को भी छोड़ दीजिए, आप सीधे-सीधे आईआईटीज़, आईआईएसईआर, आईआईएससी और सीएसआईआर की सारे लेबोरेटरीज़ पर आइए। मैं आपको पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कहना चाहता हूं कि आज भी हमारे इन प्रीमियर इंस्टिट्यूट्स में बच्चे रिसर्च के लिए स्ट्रगल करते हैं। मैं खुद आईआईटी में प्रोफेसर था। कोई भी बच्चा या कोई भी प्रोफेसर जब बाहर से पढ़ाई करके यहां आता है - एक तो बहुत सारे लोग यहाँ आते नहीं है, वो इसीलिए नहीं आते है, क्योंकि यह समझा जाता है कि यहां पर ग्रोथ स्लो होगा या जो भी उनके पास कारण हों, लेकिन यहां पर जो लोग भी आ जाते हैं, तो लगभग डेढ़ से दो साल तो उसकी लेबोरेटरी तैयार होने में लगते हैं। अब आप सोचिए कि एक यंग रिसर्चर के लिए, 2 साल उसकी लेबोरेटरी बनने में लग रहे हैं, उसके बाद उसके इक्विपमेंट्स आएंगे, थोड़े इक्विपमेंट्स रहेंगे और थोड़े इक्विपमेंट्स नहीं रहेंगे, वह पूरी तरीके से इको-सिस्टम में स्ट्रगल करता रहेगा और उसको अपनी लेबोरेटरी एस्टेब्लिश करने में 5 से 7 साल लग जाएंगे। एक रिसर्चर साइंटिस्ट का जो ब्रेन होता है, उसको अगर 5 से 6 साल का डिले कर दोगे, तो फिर वह बस ऐसा हो जाता है कि भाई, मुझे तो सरकारी नौकरी मिली है, मैं क्यों इतना माथा-फोड़ी करूं, जैसी जिंदगी चल रही है, चलने दो। जिस दिन एक साइंटिस्ट ऐसा सोचने लगता है कि यार, अब यह सरकारी सिस्टम में है, इसको चलने दो, अभी ज्यादा कुछ हो नहीं सकता, उस दिन समझिए कि एक साइंटिस्ट की हत्या हो जाती है, एक ब्राइट ब्रेन की हत्या हो जाती है। एक ब्राइट ब्रेन की हत्या हो जाती है और इसके लिए पूरी व्यवस्था जिम्मेदार है। इसके लिए मैं किसी एक को दोष नहीं देना चाहता हूँ। यह premier institutions की स्थिति है। जो रिसर्च और R&D के equipment हैं, सीरियसली, वे under-resourced हैं। मैं आईआईटीज़ की बात कर रहा हूँ। आप नीचे CSIR के laboratories में चले जाइए, क्योंकि आपके ज्यादातर रिसर्च CSIR के laboratories से होते हैं। आप डीआरडीओ ले लीजिए, Defence Research and Development Organisation के majority of the research institutions are under-equipped. मैं यह full sense of responsibility के साथ कह रहा हूँ। मुझे भी यह कहते हुए दुख हो रहा है। यह क्यों हो रहा है? मैंने 0.64 परसेंट खर्च के बारे में कहा था, उसको हम एक नंबर में दरकिनार कर देते हैं और यह कहा जाता है कि यह नंबर क्या बोल रहे हैं, यह reality नहीं है। आप यह जो जीडीपी का 0.64 परसेंट इसके लिए लगा रहे हैं, उसके कारण ही आज बाकी के इंस्टीट्यूशंस में कमी दिख रही है और उसका कारण वहीं से शुरू हो रहा है। मेरा यह कहना है कि advance technologies, Artificial Intelligence, quantum physics, bio-medical आदि सारी चीजों में अच्छी बात है, लेकिन जब तक आप अपने रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत नहीं करेंगे, तब तक desired result नहीं निकलने वाले हैं। हम कई सारे स्कीम्स बना सकते हैं, parallel schemes चला सकते हैं, कई सारे स्लोगन्स ला सकते हैं, हमारी भावना

Contents Page

अच्छी हो सकती है, हमारे उद्देश्य अच्छे हो सकते हैं, लेकिन उन भावनाओं को, उन उद्देश्यों को, उन स्लोगन्स को फलीभूत करने के लिए आपको एजुकेशन में, रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर और ecosystem को build करने में पैसा लगाना ही पड़ेगा। हमारे पास इसके सिवाय और कोई चारा नहीं है।

ऑनरेबल चेयर मैडम, प्राइवेट में R&D में इन्वेस्टमेंट को ले लीजिए। प्राइवेट सेक्टर में जितने रिसर्च इंस्टीट्यूट्स हैं, ऐसे तो हमारे देश में प्राइवेट सेक्टर में रिसर्च इंस्टीट्यूट्स काफी कम हैं, जो institutes हैं, वे mostly teaching में focus फोकस कर रहे हैं। जो थोड़े-बहुत प्राइवेट इंस्टीट्यूट्स हैं, वे भी highly under-equipped हैं। इसके अलावा आप देखिए कि हमारे देश में बचपन में जो टीचिंग होती है... सरकार अब न्यू एजुकेशन पॉलिसी लेकर आई है। इस New Education Policy में the kind of debates that we are having. मुझे पूरे सदन की चर्चा में किसी ने यह नहीं बताया कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर क्या होना चाहिए। मैं young Member हूँ, हो सकता है कि मेरी समझ थोड़ी कम हो, आप लोग ज्यादा समझदार होंगे, अगर यहाँ यह न्यू एजुकेशन पॉलिसी आई है, तो हमें इस पर यह डिबेट करना चाहिए कि इस एजुकेशन पॉलिसी से क्या फायदा होने वाला है और क्या नुकसान होने वाला है। यह नहीं होकर, हमारे सारे डिबेट्स ऐसे होते हैं कि हम कभी लैंग्वेज़ में फँस रहे हैं, कभी इस पर फँस रहे हैं, कभी उस पर फँस रहे हैं, लेकिन जो real crux है, उस पर तो हमारा डिस्कशन ही नहीं हुआ। इसके लिए भी सरकार की प्राइमरी दायित्व बनती है कि वह पहले उन सारी चीजों में consensus build करे और एजुकेशन पॉलिसी पर proper डिबेट और डिस्कशन होनी चाहिए।

इसके साथ ही अगर आप देखेंगे कि जो entrepreneur culture होती है, जो रिस्क टेकिंग कल्चर होती है, वह सरकार कोई एक झटके में क्रिएट नहीं कर सकती है, उसके लिए पूरा ecosystem होता है। उसमें यह होता है कि the fear of failure नहीं होना चाहिए। यूनाइटेड स्टेट्स में या दूसरे किसी भी डेवलप्ड कंट्रीज़ में आप देखेंगे कि fear of failure नहीं होती है, क्योंकि वह taboo भी नहीं होता है और वहाँ का पूरा रिसर्च, इनोवेशन का ecosystem उनको सपोर्ट करता है। हमारे यहाँ इसकी कमी है।

टैलेंट का जो attraction है, आपके पास टैलेंट आए, आप पैसे लगा दिए, रिसर्च इंस्टीट्यूशंस बना दिए, अगर उसमें टैलेंट ही नहीं है, उसमें रिसर्च करने वाले बच्चे ही नहीं हैं, तो उसका भी कोई रिजल्ट नहीं निकलेगा। इसलिए टैलेंट का जो माइग्रेशन है, वह आज की प्रॉब्लम नहीं है, बल्कि यह प्रॉब्लम बहुत समय से है। हम आईआईटीज़ में बच्चे तैयार करते हैं, सरकार उसमें इतना इन्वेस्ट करती है, बच्चे बाहर निकलते हैं और वे बाहर चले जाते हैं। आप जितने भी बड़े ऑर्गेनाइजेशन्स देखेंगे, अमेरिका में successful innovations देखेंगे, चाहे गूगल ले लीजिए, Amazon ले लीजिए, माइक्रोसॉफ्ट ले लीजिए, हर जगह इंडियन्स हैं और वे काफी अच्छे पोजिशन पर हैं, वे लीड कर रहे हैं, पर वे यहाँ सफल नहीं हो पाते हैं, लेकिन वे अमेरिका में जाकर सफल हो रहे हैं। इसलिए प्रश्न तो यह उठता है कि हमें ऐसा क्या करना चाहिए कि हमारे बच्चे हमारे देश में ही सेवा करे, सर्विस दे, तो ये सारे इनोवेशन्स यहाँ पर हो सकते थे।

इसके अलावा access to capital की बात है, तो हम जो स्टार्टअप करते हैं, उनके लिए पैसे का access होना चाहिए, तभी वे ज्यादा रिस्क लेंगे और failure का fear नहीं रखेंगे। जो access to capital है - venture capital ले लीजिए, private equity ले लीजिए - इसका जो फ्री

Contents Page

मार्केट है, वह काफी मिसिंग है, इसलिए सरकार को पॉलिसी लेवल पर इसका introduction करना पड़ेगा और intervention करना पड़ेगा ताकि इसमें सभी स्टार्टअप्स को access to capital मिल सके। इसी तरह, Government-support policies हैं। जो Government की policies हैं, उनमें कई सारी अच्छी policies आई हैं और जब भी policies आती हैं, तो उनको हम सब सपोर्ट करते हैं, लेकिन उनमें बहुत lag है। जैसे, आज एयरक्राफ्ट पर एक बिल आया। 2001 और 2008 में सरकार ने एग्रीमेंट कर दिया था, लेकिन उसके लिए लीगल बाइंडिंग हम आज लेकर आए हैं। मैंने यह एक एग्जांपल दिया। अगर एक-एक policy-making में हमारा 5 से 10 साल का delay होगा, तो आप formulate कर लीजिए कि उससे हम पता नहीं कितने decades पीछे चले जा रहे हैं। पॉलिसी में जो quickly policy introduction और intervention सरकार को करनी चाहिए, वह बहुत जरूरी है और यह काफी quick span में करना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

इसके बाद, एक collaborative ecosystem है। Collaborative ecosystem कहने का मतलब यह है कि अगर केंद्र सरकार R&D में कम पैसे लगा रही है, तो राज्य सरकार भी कोई बहुत अच्छा काम नहीं कर रही है। राज्य सरकार का इससे भी काफी कम है। इसमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार, सबको मिलकर बहुत सारा पैसा लगाना पड़ेगा, लेकिन हमारे देश में अभी जो एक political situation है, उसमें यह हो रहा है कि अगर मैं केंद्र में फलां पार्टी का हूँ और राज्य में दूसरी पार्टी की सरकार आ गई, तो मैं उसको सपोर्ट नहीं करूँगा। राज्य सरकार में अगर State-level पर एक पार्टी आ गई और Corporation में दूसरी पार्टी आ गई, तो वह उसको सपोर्ट नहीं करेगी। इसी तरह, पंचायत और ब्लॉक समिति की भी बात है। जो democracy की strength है, उसको हमने complexity में परिवर्तित कर दिया है और इसमें भी आपको इसका फर्क नजर आता है। चाहे एजुकेशन सिस्टम हो, रिसर्च एंड डेवलपमेंट हो या entrepreneur skill या skill-development की बात हो, ये सारी चीजें इसमें आती हैं।

इसके साथ-साथ, जो Intellectual Property Rights होते हैं, उनके प्रोटेक्शन के लिए भी हमें कुछ करना होगा। अमेरिका obviously बहुत तेज कंट्री है और वह इसीलिए ग्रो कर रहा है, क्योंकि एक तो वह research और innovation को सपोर्ट करता है, उसमें बहुत सारा पैसा लगाता है और फिर उससे जो कुछ भी नतीजा निकलता है, उसको प्रोटेक्ट करने के लिए Intellectual Property Rights पर उसके legal-frameworks बहुत स्ट्रांग हैं। वह किसी भी दूसरे देश को अपने प्रोडक्ट के प्रॉपर्टी राइट को चोरी करने नहीं देता है। हमें अपने देश में ही जो legal infringes हैं, उनको स्ट्रांग करना पड़ेगा और property rights को protect करके रखना पड़ेगा। कई जगहों पर, institutes में, universities में बच्चे अच्छी चीजें बना लेते हैं, पर उनको प्रोटेक्ट नहीं कर पाते हैं।

मैं overall इतना ही कहना चाहूँगा कि Artificial Intelligence, quantum chemistry, quantum physics, biomedical के क्षेत्र में जो हो रहा है और आप ये सारी जो advanced चीजें कह रहे हैं, वह एक प्रोडक्ट है और वह advancement एक स्टेज है। वे all of a sudden आकाश से नहीं टपक गये कि आज यह टपक गया, बल्कि वह आपकी उस investment का result है, जो आपने basic science में किया है। आपने R&D पर जो इन्वेस्ट किया है, उसके फलस्वरूप अंत में निकला हुआ यह एक प्रोडक्ट है। अगर हमें इनको करना है, तो इन सारी चीजों पर फोकस

Contents Page

करना पड़ेगा, इन सबमें पैसे डालने पड़ेंगे, seriousness रखनी पड़ेगी और politics को इससे अलग रखना पड़ेगा, तभी जाकर हम कुछ कर सकते हैं।

महोदया, आपने मुझे समय दिया, आपने मुझे सुना, इसके लिए आपका धन्यवाद। यह काफी अच्छा बिल है, ऐसे बिल्स आते रहने चाहिए। मैं आपको और पूरे सदन को धन्यवाद करता हूँ। Thank you.

उपसभाध्यक्ष (डा. संगीता बलवन्त) : धन्यवाद। माननीय सदस्य, डा. भागवत कराड़, 15 मिनट।

डा. भागवत कराड़ (महाराष्ट्र) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, आज इस सभागृह में एक बहुत ही इंपॉर्टेंट बिल आया है। हमारे कार्तिकेय शर्मा जी, जो एक विद्वान सदस्य हैं, उनके माध्यम से यह बिल आया है। हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री, मोदी जी का जो मंत्र और विचार है कि भारत को हमें एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अनुसंधान की जरूरत है। मुझे याद आ रहा है कि जब लालबहादुर शास्त्री जी प्रधान मंत्री थे, तो उस वक्त उन्होंने एक नारा दिया था - "जय जवान, जय किसान।" जो जवान दिन-रात बॉर्डर पर मेहनत करते हैं और हमें सुरक्षित रखते हैं, उनके लिए जय जवान का नारा था और किसान, जो दिन-रात खेत में काम करके अनाज पैदा करते हैं और हमारे अन्नदाता बनते हैं, उनके लिए उन्होंने जय किसान का नारा दिया था। उसके बाद हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री, श्रद्धेय अटल जी ने भी एक नारा दिया था - "जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान।" यह सभी भारतवासी और पूरी दुनिया को मालूम है कि उन्होंने "जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान" का नारा दिया था... और उन्होंने विज्ञान के माध्यम से राजस्थान में विस्फोट परीक्षण किया था। उसी वक्त भारत देश की ताकत पूरी दुनिया को मालूम चल गई थी। अभी हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने नारा दिया है - "जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान।" यानी, रिसर्च और डेवलपमेंट एक ऐसा तरीका है, जिसके माध्यम से भारत एक विकसित राष्ट्र बन सकता है। इसीलिए अनुसंधान को बहुत महत्व दिया गया है।

महोदया, मैं बताना चाहता हूं कि हमारा भारत देश 140 करोड़ जनता का देश है और यह यंगेस्ट पॉपुलेशन वाला देश है। The average age of our citizens is 25-30 years, which comprises 65 per cent of the population. इस तरह से हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारा देश सबसे युवा आबादी और सबसे बड़ी जनसंख्या वाला राष्ट्र है। अगर हम देखें तो यह 'unity in diversity' यानी विविधता में एकता का प्रतीक है। भले ही हमारे देश में विभिन्न धर्मों, भाषाओं और पंथों के लोग रहते हैं, लेकिन जब राष्ट्र की बात आती है, तो हम सब एक हैं।

अगर हमें इस राष्ट्र को विकसित बनाना है, तो अनुसंधान के माध्यम से इसे आगे ले जाना होगा। प्रत्येक नागरिक को अनुसंधान की सुविधाएं मिलनी चाहिए ताकि हम एक उन्नत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकें। अगर हम पिछले 10 साल के आंकड़ों को देखें, तो the gross expenditure on Research and Development has doubled in the last decade. अगर हम 2004 से 2014 तक के आंकड़ों को देखें, तो अनुसंधान पर खर्च 60,196 करोड़ रुपये था।

Contents Page

लेकिन पिछले 10 वर्षों में, माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में, यह आंकड़ा 2013-14 तक 1,27,381 करोड़ रुपये हो चुका है। यानी, अनुसंधान पर होने वाला खर्च लगभग दोगुना हो गया है।

इतना ही नहीं, पिछले दो वर्षों (2023-24 और 2024-25) में अनुसंधान के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। अगर हमारा कोई साइंटिस्ट हो, कोई स्टूडेंट हो, यदि वह रिसर्च कर रहा है, तो उसके लिए उन्हें पैसा मिल सकता है। मैं अलग-अलग सेक्टर के बारे में बताना चाहता हूं। The hon. Prime Minister emphasized the importance of research and development in *Amritkaal*. इसलिए अनुसंधान को भी महत्व दिया गया है और अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बनाया है, जिसके माध्यम से there is a uniform research ecosystem bridging science, humanities and social sciences. To support *Atmanirbhar Bharat* and Viksit Bharat, the Government of India approved One Nation, One Subscription scheme (ONOS) that ensures nationwide access to international research articles, which is very important. कोई अनुसंधान अमेरिका या चीन में हुआ है, that appears in all journals. तो रिसर्च आर्टिकल हो, जनरल आदि हमारे सभी स्टूडेंट, साइंटिस्ट और प्रोफेसर्स को पढ़ने को आना चाहिए। इसीलिए this scheme has been started और उसके लिए बजट भी रखा है। इतना ही नहीं, 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' has acquired national licenses of e-journals database from 30 major international publishers, granting access to all their journals. This initiative, the 'One Nation, One Subscription Scheme', benefits 1.8 crore students, faculty and researchers across all disciplines, including those in two-tier and three-tier cities helping crores of people. The One Nation, One Subscription scheme is a crucial step in integrating India into the global research ecosystem by making high quality knowledge easily accessible. In March 2024, the then hon. Health Minister, Dr. Mansukh Mandaviya launched one programme, that is, AYUSH-ICMR Advanced Centre for Integrated Health Research at AIIMS, New Delhi. Dr. Mansukh Mandaviya announced one more programme, that is, a Joint Mega Initiative between the Ministry of Health and Family Welfare and the Ministry of AYUSH, which included the multi-centric clinical trial on anaemia. हम सभी को पता है कि एनीमिया के माध्यम से हीमोग्लोबिन कम होता है और हीमोग्लोबिन कम हुआ, तो then any disease can happen and the patient cannot work. There is a joint effort on establishing AYUSH-ICMR Centre for Integrated Health Research in AIIMS. जैसा हमारे पूर्व सभा सदस्य ने बताया कि Artificial Intelligence is also very important. In India, there are different scientists who are working on the Artificial Intelligence. India is undergoing a major AI revolution under hon. Prime Minister, Modi*ji*'s, leadership, with the Government actively building an AI ecosystem with affordable computing power, GPUs and research opportunities. India's AI Mission and computerising infrastructure, India Mission 2024, allocated Rs.10,300 crore over five years to enhance AI capabilities. A high-end computing facility with 18,693 GPUs is being developed, making it one of the largest AI infrastructures globally. So, we are aiming

Contents Page

to work globally to see how India will have a merit globally in AI sector. IndiaAI database platform will provide StartUps and researchers with high-quality database to reduce innovation barriers. Large-scale non-personal database will improve AI reliability in agriculture and AI reliability in weather forecasting and traffic management. Similarly, the Government has established three Centres of Excellence for AI in healthcare, agriculture and sustainable cities in New Delhi. Budget-2025 announced Rs.500 crore for AI CoE in Education. Five National Centres of Excellence will train youth in industry-relevant AI skills in collaboration with the global firms supporting 'Make in India, Make for the World' vision. IndiaAI is funding the development of the indigenous AI models, including Large Language Models (LLMs) and problem-specific AI solutions. Digital India BHASHINI will enable AI-powered language translation and voice-based internet access in Indian languages. BharatGen, the world's first Government-funded multi-model LLM, launched in 2024, will enhance public service and citizen engagement. Sarvam-1, a 2-billion-parameter AI model supports 10 major Indian languages for translation, summarization and content generation. Chitralekha, an open-source video transcreation tool, enables audio transcript editing in Indic languages. Everest 1.0, a multilingual AI system currently supports 35 Indian languages with plans to expand to 90. 'AI for All', a self-learning online programme under the Ministry of Education, is designed to raise public awareness about Artificial Intelligence. Madam, this is about AI. As we are aware, आज हम पूरी दुनिया में देखें, तो पांचवीं इकोनॉमिक सिस्टम बन चुकी है। हमारा नंबर पांचवां है।

महोदया, 2014 में, जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शपथ ली थी, तब उस वक्त इंडिया 10वें नंबर था, अब हम 10वें नंबर से 5वें नंबर पर आए हैं, लेकिन अभी तीसरे नंबर पर जाना है, इसलिए हमें इस सेक्टर में, यानी economic sector में भी research देखनी है। हमें यह देखना है कि क्या-क्या रिसर्च होती है।

माननीय महोदया, मैं इस सभा गृह को बताना चाहता हूं कि कांग्रेस के जमाने में एक प्राइम मिनिस्टर ने बताया था कि जब हम दिल्ली से 1 रुपया भेजते हैं, तो beneficiary के अकाउंट में सिर्फ 15 पैसे जाते हैं, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में JAM trinity आई है। In JAM, 'J' stands for Jan Dhan Account, 'A' stands for Aadhaar and 'M' stands for mobile. महोदया, JAM trinity के माध्यम से हम beneficiary के account में direct पैसा दे सकते हैं। उसी प्रकार से economic sector में भारत ने जो UPI innovation किया है, वह प्रशंसनीय है। अभी हमारे एक माननीय सदस्य ने बताया था कि यूपीआई के माध्यम से जो ट्रांजेक्शन्स हो रहे हैं, worldwide very large number of transactions are taking place. अभी पूर्व सदस्य ने बताया था कि future में digital economy आने वाली है, इसलिए इसके लिए भी innovation करने की जरूरत है।

महोदया, हमारे इकोनॉमिक सेक्टर में भी डिजिटल इकोनॉमी पर काम हो रहा है। मैं इतना ही बताना चाहता हूं कि अगर हमें भारत को विकसित भारत बनाना है, तो अनुसंधान करना

Contents Page

बहुत जरूरी है। महोदया, अनुसंधान के लिए The Anusandhan National Research Foundation बन चुका है। यह The Anusandhan National Research Foundation has been established through the ANRF Act in 2023, which came into effect on 5th February 2024. For the fiscal year 2024-25, the ANRF has been allocated Rs.966 crores. The Anusandhan National Research Foundation aims to receive funds amounting to Rs.50,000 crores during the period 2023-2028 in the form of ANRF Fund, Innovation Fund, Science and Engineering Research Fund, and Special Purpose Fund.

I will briefly speak about the key features of the ANRF. It has the Global Positioning Initiatives. The ANRF has formulated programmes aimed at enhancing India's position in key sectors globally, driving scientific advancements and fostering an innovation ecosystem. Electric Vehicle (EV) Mobility Programme has been launched under the Mission for Advancement in High-Impact Areas. This initiative addresses priority-driven solution-focused research in mission mode. It encourages multi-institutional, multi-disciplinary collaborations with close industry partnerships. Industry partners are required to contribute, at least, 10 per cent of the project cost in cash. We all know that electric vehicles are very important nowadays and the provision for this has also been given in this Anusandhan National Research Foundation.

Several programmes have been formulated for promoting indigenous research and development in the country. One of these programmes is the Prime Minister Early Career Research Grant. This scheme is very important for Anusandhan. This scheme supports early-career scientists, enabling them to undertake independent and impactful research to promote indigenous research and development. This is for the beginner scientists. Then, there is the vision for transformation of institutions to the global standards. Our institutions, whether they are private or Government institutions, we want them to do innovation and we want to make them up to the global standards. For this, there are certain schemes. The Anusandhan National Research Foundation (ANRF) has developed programmes aimed at transforming institutions to meet global standards, promoting translational research and supporting basic research initiatives. These efforts ensure that scientists and researchers received adequate resources and financial assistance to establish their global presence. These initiatives reflect ANRF's commitment to advancing India's research and innovation landscape through strategic funding and collaborative programmes. ANRF also formulated programmes for transforming institutions to global standards, translational research, basic research promotion, etc. These schemes ensure providing proper resources and financial assistance to the scientists and researchers in their bid to carve out a niche at the global forum. They can do some partnership

Contents Page

also for research. There are schemes from the Government for this partnership also. The ANRF has launched Partnership for Accelerated Innovation and Research (PAIR), an initiative to enhance research capabilities of universities, particularly, Central and State Public Institutions in the country. The PAIR is a multi-institutional programme to boost research capabilities of institutions where research is relatively at nascent or early stage through mentorship-driven hub and spoke framework by pairing them with well-established top-tier institutions. Research hubs will guide emerging institutions in research activities, provide access to harness their resources and expertise, thus bridging the gap between institutions and nurturing a robust research ecosystem in the country.

With regard to fund allocation for ANRF, I would like to mention that the Anusandhan National Research Foundation (ANRF) aims to receive funds amounting to Rs. 50,000 crore during 2023-28 in the form of ANRF Fund, Innovation Fund, Science and Engineering Research Fund and Special Purpose Funds. A budgetary provision of Rs. 14,000 crore is made from the Central Government and the remaining amount will be sourced from donations from any other source including public sector enterprises, the private sector, philanthropist organizations, foundations or international bodies.

The main intention of ANRF is to make our country number one in innovation as well as to make our country a Viksit Bharat. माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में reform, perform and transform के सूत्र के माध्यम से अभी तक 40,000 से भी ज्यादा रिफॉर्म्स हो चुके हैं। इसके माध्यम से जो कुछ गाइडलाइन्स आती हैं, उनके माध्यम से अलग-अलग डिपार्टमेंट्स में रिफॉर्म्स किए जाते हैं और रिफॉर्म्स होने के बाद उसी तरह से काम किया जाता है और लोगों को सुविधा मिलती है।

The main intention of the Resolution is to draw the attention of Government of India to the rapid evolution of emerging technologies which are reshaping the global economies and power structures. It is mentioned that despite a strong research ecosystem in the country, fragmentation amongst institutions and industry players hampers and delays commercialization. It is suggested that a unified strategic body is essential to accelerate breakthroughs and integrate research with policymaking. The Resolution urges the establishment of a Council for Future Affairs (CFA) to provide a unified framework for research-driven innovation in AI, Blockchain, Quantum Computing, Small Nuclear Energy, Water Reuse and other emerging fields. …*(Time-bell rings)*… मैडम, मुझे दो मिनट और दे दीजिए। The CFA may function as an apex body comprising experts, industry leaders, policymakers, global investors, academic institutions and startups to ensure a multi-stakeholder approach.

Contents Page

It is also suggested that Research and Product Development Councils be created under the CFA, each dedicated to a specific technological field, aligning research with national priorities. Sufficient budgetary support be also allocated to fund long-term research, prototype development and commercialisation in collaboration with industry and global investors. Additionally, CFA will set long-term national goals, define research objectives and formulate policies for technology transfer and intellectual property management. The Resolution also emphasises fostering international collaborations to attract global expertise, funding and technology partnerships.

The issues raised in the Resolution have already been receiving appropriate attention from the Government of India through the Empowered Technology Group, Anusandhan National Research Foundation Framework, etc. The ETG was constituted with Cabinet approval on February 19, 2020. It serves as an institutionalized structure to proactively oversee national policies on research, development, procurement and adoption of emerging technologies, ensuring India's leadership in critical domains such as Artificial Intelligence, Blockchain, Quantum Computing, Small Modular Nuclear Energy and Water Reuse.

The Government of India has launched Anusandhan National Research Foundation Framework, a comprehensive research and innovation strategy to strengthen India's Research and Development ecosystem. Anusandhan aims to bridge the gap between research and industry, enhance interdisciplinary collaboration and ensure that critical and emerging technologies are effectively developed and commercialised. *...(Time-bell rings)... मैडम, मुझे दो मिनट और दे दीजिए, यह* last *है। मैडम, मैं इतना ही बताना चाहता हूँ कि हमें विकसित भारत बनाना है और विकसित भारत की जो नींव है, वह रिसर्च में है। माननीय प्रधान मंत्री, मोदी जी के नेतृत्व में हरेक सेक्टर में, चाहे* health sector *हो, चाहे* education *हो, चाहे* finance *हो, हर सेक्टर में* reforms *हो रहे हैं और जहाँ-जहाँ* innovation *के लिए* institutions *हैं, चाहे* private institutions *हों,* Government institutions हों, scientists हों, students हों, उनके लिए फंड का provision किया गया है। जैसा मैंने पहले भी बताया कि पिछले बजट में एक लाख करोड़ का provision था for research. यह last year के बजट में था, ताकि research को preference दी जाए। माननीय प्रधान मंत्री जी का नारा है - जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान। हम अनुसंधान के माध्यम से ही, research के माध्यम से ही भारत को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। मैं एक मेडिकल डॉक्टर हूँ, मैं बताना चाहता हूँ कि जब भारत देश स्वतंत्र हुआ, तो उस टाइम मेरी age 35-37 years थी और अभी मैं 70.5 years की age तक पहुँचा हूँ। We are almost at the global level.

Contents Page

4.00 **P.M.**

हमें अगर हेल्थ में रिसर्च करनी है, हमें अपनी एवरेज एज बढ़ानी है, जैसे अभी जापान की एवरेज एज 85 to 90 years है, उसमें भी रिसर्च होनी है। तो मेडिकल क्षेत्र में रिसर्च के लिए, अनुसंधान के लिए बहुत सारे प्रॉविजंस किए गए हैं।

मैडम, हमारे कार्तिकेय शर्मा जी द्वारा जो प्राइवेट मेम्बर बिल लाया गया है, वह बहुत ही अच्छा बिल है। गवर्नमेंट ने ऑलरेडी इसके ऊपर काम चालू किया हुआ है। The Government is supportive and is in favour of this Bill. ऐसा मुझे लगता है। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ, धन्यवाद।

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Madam, I thank you for being so generous with time today. I am seeing this generosity for the first time. I do not know the reason behind the generosity but, I think, we can perceive the reason. Madam, this Resolution moved by Shri Kartikeya Sharma is very imperative in today's times. Just a few years ago, Artificial Intelligence was viewed as a distant futuristic concept. Today, it is an undeniable and defining force of our era. AI systems no longer remain confined to research labs; they actually shape decision-making across States. Individual, corporate and Government — everybody has scope to innovate. But, while AI presents immense opportunities, its potential for misuse is also equally serious. One of the biggest threats is algorithmic bias. A global study in 2021 has revealed that only 20 per cent of corporations using AI had an ethical framework in place. In a country as diverse as ours, unchecked biases in AI in these systems can deepen inequalities and erode public trust. So, while we go for innovation, ethical restrictions are also very important. Addressing this challenge demands collaboration not in silos but through a structured partnership between academia, industry and governance.

Another major area that faces threat and potential harm is our defence and security networks and infrastructure. I think, globally, this is something for which the world is putting their heads together. India's internal security landscape is no longer confined to traditional threats. We now face cyber warfare, AI-enabled surveillance, drone-based hybrid warfare and even space-based threats. Between 2019 and 2022, cyber attacks on India's critical infrastructure have increased by 300 per cent according to CERT-In. In 2023 alone, we have suffered over 79 million cyber attacks, making us the third most targeted nation globally.

Let me cite a few worrying incidents and examples. The 2022 ransomware attack on AIIMS Delhi disrupted critical medical services for days. The 2021 drone strike on Jammu Air Force station proved how commercial drones can be weaponised

Contents Page

by non-State actors. China's alleged use of AI surveillance along our borders raises alarms about misuse of dual-use technologies. BSNL data breach exposed 278 GB of sensitive telecom data, including SIM card details and server snapshots. The data breach at Telangana Police's HawkEye App compromised sensitive data relating to police services. The Facial Recognition System of Tamil Nadu Police was breached, compromising integrity of law enforcement tools. These are only a few examples, but there are several such examples that are emerging from time and time. And these are not altogether isolated incidents. They represent the growing capabilities of malicious actors to target both state institutions and common citizens. Such breaches can lead to identity theft, to espionage, and even sabotage of democratic institutions. The Government must not only enforce data protection, but also integrate AI into regulatory frameworks to monitor, mitigate, and penalize misuse effectively. Internationally too, as I said, the threat is expanding. The 2024 Lebanon pager attacks demonstrated vulnerabilities in military networks to cyber electronic warfare. Therefore, India must act swiftly to modernize its defence infrastructure, especially insulating critical systems from foreign made components, particularly from countries like China on which we are relying too much. The Council for Future Affairs, as proposed in the Resolution, is a forward looking initiative, no doubt. But I strongly advocate for a dedicated sub body within the Council focused solely on national security. This body must, number one, formulate national security strategies addressing emerging tech threats like deepfakes and quantum computing. Number two, regulate dual-use technologies such as AI, drones, and biometric systems. Number three, ensure rapid absorption of indigenous technologies developed by DRDO, CSIR, IITs and Indian private defence players. India has the talent and technological capability, but we face a clear academia industry gap. The NETRA AI of the DRDO's surveillance system can revolutionize border monitoring, but it requires integration with our Central Armed Police Forces. The drone swarm technology of the IIT, Madras offers counter-terrorism solutions, but without institutional adoption, it remains underutilized. Global models like the US Defence Innovation Unit can serve as blueprints. India must create similar security focused innovation channel within the Council for Future Affairs. Let us not allow technology to become our vulnerability. Let us make it our shield. Let us make it our shield by fostering a secure, ethical, and collaborative national AI ecosystem. With this Resolution, we take a step forward towards securing India's digital and physical frontiers in an increasingly complex world. ...(*Time-Bell rings*)... Thank you, Madam, for not being generous with me for time! Thank you.

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (Dr. SANGEETA BALWANT): Shri Brij Lal.

Shri Brij Lal (Uttar Pradesh): Thank you Vice-Chairperson, Madam, for giving me an opportunity to speak on the Resolution moved by our hon. Member of Parliament, Shri Kartikeya Sharma. In his Resolution, he has mentioned that the main intention of the Resolution is to draw attention of the Government of India to rapid evolution of emerging technologies, which are reshaping global economic power structures. It is mentioned that despite a strong research ecosystem in the country, fragmentation among institutions, industry players hamper innovation and delay commercialization. He has also suggested that a unified strategic body is essential to accelerate breakthrough and integrate research with policymaking. उन्होंने कहा है कि ये जो रिसर्च हो रहे हैं, इनमें तमाम तरह के fields हैं, तमाम लोग हैं, लेकिन वे fragmented हैं। जो fragmented हैं, उनको integrate करने की जरूरत है और उसके लिए माननीय सदस्य ने अपना सजेशन दिया है। उन्होंने क्या कहा है? उन्होंने कहा है, the Resolution urges the establishment of Council for future affairs to provide a unified framework for research-driven innovation in artificial intelligence, blockchain quantum computing, small nuclear energy, water re-use and other emerging fields. According to him, the Council for future affairs may function as an apex body comprising experts, industries, policymaker, global investor, academic institution, and startups to ensure a multi-stakeholder approach.

Vice-Chairman Madam, he has also said that the Research and Product Development Council be created under CFA, each dedicated to specific technologies field, aligning research with national priorities. Sufficient budgetary support to be allocated to fund long-term research prototype development and commercialization in collaboration with industry and global investor. CFA will set up long-term national goals, define research objective, formulate policies for technology transfer. उन्होंने ये तमाम चीजें बताई हैं कि क्या-क्या चीजें होनी चाहिए।

अब मैं बताना चाहता हूँ कि इसके लिए सरकार ने क्या किया है। The issues raised in the Resolution have already been receiving appropriate attention from the Government of India through the Empowered Technology Group, ETG, Anusandhan, the National Research Foundation framework. ETG was constituted by Cabinet Approval on February 19, 2020. It serves as an institutionalized structure to proactively oversee national policies on research, development, procurement, adoption and emerging technologies ensuring India leadership in critical domains such as artificial intelligence, blockchain quantum, small modular nuclear energy and water reuse.

Vice-Chairman Madam, NITI Ayog is our apex body in policy-making. The NITI *Aayog* has already taken significant steps to advance India's position in emerging

Contents Page

technologies. The NITI *Aayog* has also evolved strategies, road map and future directions in the emerging and upcoming technologies. इसमें जो कहा गया है कि ETG Anusandhan framework addresses the concern, यह बहुत important है, related to fragmentation research and policy, coordination, bringing together key stakeholders including leaders from atomic energy, space, Defence, electronics, telecommunication, science & technology. इन तमाम चीज़ों पर उन्होंने जोर दिया है।

अब मैं Atomic Energy पर कहना चाहता हूँ। अभी जब मैंने एक सवाल पूछा था, तो हमारे मंत्री, डा. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारे लिए यह बहुत important है कि हम अपनी energy को किस तरह से clean energy में बदलें। उस पर तमाम research चल रही हैं, लेकिन atomic energy ऐसी है, जिसके लिए उन्होंने इसमें Small Modular Reactor के बारे में बताया है। यह क्या होगा? जो दूरदराज के इलाके हैं, वहाँ रिसर्च करके इसको लगाया जा रहा है। दूरदराज के पहाड़ी इलाके, जहाँ एनर्जी की सुविधा नहीं है, वहाँ पर Small Modular Reactor काम करेंगे। इस पर already काम शुरू हो गया है। मैंने एक प्रश्न उत्तर प्रदेश के लिए पूछा था, जहाँ हमारा नरौरा एटॉमिक पावर प्लांट है। मंत्री जी ने बताया कि 200 किलोवॉट के दो Small Modular Reactors उत्तर प्रदेश में लगाए जाएँगे। हम एटॉमिक एनर्जी में काफी आगे हैं। महोदया, पहले हमने यूरेनियम पर काम किया। यूरेनियम-235 एक टेक्नोलॉजी थी, जिसमें फिशन एटम टूटते हैं और ऊर्जा निकलती है। यही ऊर्जा उपयोग में लाई जाती है, जिसे हम एटॉमिक एनर्जी कहते हैं। यह हमारा पहला चरण था।

हमारा दूसरा चरण प्लूटोनियम-239 पर आधारित था, जिसमें हमने काफी प्रगति की। उपसभाध्यक्ष महोदया, मंत्री जी ने थोरियम के बारे में भी बताया था। मैं बताना चाहता हूं कि हमारे पास 25 परसेंट थोरियम भंडार हैं। हम इसका अवश्य उपयोग करेंगे और हमारी न्यूक्लियर एनर्जी और भी आगे बढ़ेगी। इससे हम अपने देश को क्लीन एनर्जी उपलब्ध करा पाएंगे।

मैं यह कहना चाहूंगा कि न्यूक्लियर एनर्जी और क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में क्या प्रगति हो रही है, इस पर ध्यान दिया जाए।

महोदया, डिफेंस के बारे में कहा गया। यह बहुत महत्वपूर्ण है। पहले हम डिफेंस के सामानों का आयात करते थे। जब 1962 का युद्ध हुआ था, तब हमारे पास 303 राइफल्स थीं, जबकि दुनिया में एसएलआर (Self-Loading Rifles) आ चुकी थीं। उस समय हमारे पास प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में उपयोग की गई 303 बोल्ट-एक्शन राइफल्स थीं। यही कारण था कि हम चीन से युद्ध हार गए, क्योंकि आज़ादी के बाद रक्षा क्षेत्र में हमें जितना मजबूत होना चाहिए था, उतना नहीं होने दिया गया। "हिंदी-चीनी भाई-भाई" का नारा लगता रहा, Nobel Peace Prize पाने के लिए सब किया जाता रहा और हमारे देश को 1962 में हार का सामना करना पड़ा। उस समय हमारे जवानों के पास स्नो बूट्स, उचित कपड़े और आधुनिक हथियार नहीं थे। यही कारण था कि हम हार गए।

आज प्रधान मंत्री जी ने वडोदरा में C-295 विमान का उद्घाटन किया है। यह Spanish Airbus का प्रोजेक्ट है, जिसे हम वडोदरा में बना रहे हैं। इससे हम आत्मनिर्भर बनेंगे। पहले हम रूस से AN-32 विमान आयात करते थे। We started with AN-32.. फिर AN-12, AN-32, IL-76, (गजराज) विमान आए। अगर आप एयरपोर्ट जाते हैं, तो दाईं ओर इसकी ऊँची पूंछ दिखाई

Contents Page

देती है। इस पर हमने early-warning system लगाया और आगरा में इसका बेस बनाया। मैं वहाँ तैनात भी रहा हूँ।

हमारे पास पहले इस तरह के विमान थे, लेकिन आज हमारे पास आधुनिक मिलिट्री विमान हैं, जो छोटे-छोटे रनवे और पहाड़ों पर आसानी से लैंड कर सकते हैं। हमने इन्हें लद्दाख में भी तैनात किया है, जिससे हम भारी टैंकों और अन्य सैन्य उपकरणों को वहाँ आसानी से पहुँचा सकते हैं।

आपने तेजस फाइटर जेट के बारे में सुना होगा। तेजस Mk-1 और AMCA के बारे में अखबारों में पढ़ा होगा। उपसभाध्यक्ष महोदया, हम 5th Generation के फाइटर जेट्स बना रहे हैं। हमारे पास पहले से ही 4.5 Generation के फाइटर जेट्स उपलब्ध हैं। इस प्रकार, हम defence production में आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

शुरुआत में मैंने 303 राइफल्स की बात की थी, लेकिन आज हम AK-203 राइफल बना रहे हैं। यह जो Kalashnikov rifle है, पहले हम इसे रूस से आयात करते थे - मैंने भी as a police officer इसका इस्तेमाल किया है - लेकिन अब इसका एडवांस वेरिएंट AK-203 हमारे गृह राज्य उत्तर प्रदेश के अमेठी में निर्मित किया जा रहा है। इसकी रेंज 700 मीटर तक है, और यह 700 गोलियाँ प्रति मिनट दाग सकती है। यह किसी भी मौसम में काम कर सकती है। महोदया, जहाँ पहले हम 303 राइफल्स से चीन से लड़ रहे थे, आज हम AK-203 जैसी अत्याधुनिक राइफल्स से लैस हैं।

आज 'ब्रह्मोस मिसाइल' की मांग पूरी दुनिया में है। अब तो हमने इसका नौसेना संस्करण (Naval Variant) भी लॉन्च कर दिया है। मैं बताना चाहता हूँ कि पहले हम रक्षा उपकरणों का import करते थे, लेकिन आज हम export कर रहे हैं।आज Brahmos की मांग पूरी दुनिया में है। आज पूरी दुनिया तरसती है कि भारत के पास Brahmos है। अब तो हम उसका Naval variant भी ले आए हैं। पहले हम Defence production में import करते थे, आज export कर रहे हैं और माननीय मोदी जी के डायरेक्शन में हम एक major Defence exporting country बनने जा रहे हैं। इसके बाद एक बड़ी इम्पोर्टेंट चीज़ water के बारे में कही गई है। अगर शुद्ध पानी पीने को मिल जाए, तो आपकी 70 per cent बीमारियां खत्म हो जाएंगी। चूंकि ज्यादातर बीमारियां water-borne diseases होती हैं। उसके लिए क्या किया गया है? उसके लिए नल से जल लाया गया है। हम सब जानते हैं कि राजस्थान में और कुछ places में ऐसी तमाम जगहें थीं, जहां लड़कियों की शादी नहीं हो पाती थी, क्योंकि वहां पानी नहीं है। आज मोदी जी हर घर में नल से जल दे रहे हैं। कोई भी एरिया ऐसा नहीं है, जहां हम नल से जल प्रोवाइड नहीं कर रहे हैं। हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। जहां 60 crore population agriculture में जुड़ी हुई है। अब इसका production कैसे बढ़ाया जाए। एक समय यह था कि 1954 में बना हुआ PL-480 का लाया गया लाल गेहूं खाते थे और आज हमारी 140 करोड़ population होने के बावजूद हम 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को free ration दे रहे हैं। दाल दे रहे हैं, oil दे रहे हैं। हर field में oil production हो रहा है। आज माननीय मंत्री शिवराज सिंह जी बोल रहे थे कि हम oil में sufficient हो रहे हैं। हमारे यहां लोगों का protein का मेन सोर्स दाल है, जो vegetarian हैं। हम सबसे ज्यादा दाल का production करने वालों में से हैं, लेकिन इसके बावजूद भी हमें अपने consumption के लिए दाल import करनी पड़ती है। ऐसी-ऐसी technology आई। कानपुर में Dalhan Research Institute है। ऐसी

Contents Page

चीज़ें की गईं है, जो हम Myanmar से तुअर दाल import करते हैं, Nigeria से लेते हैं, Canada से लेते हैं, Turkey से लेते हैं और ऐसी technology, चूंकि पानी की कम जरूरत पड़े। आज फसलों के लिए जो technology develop हुई, आज उसमें हम self-sufficient हो रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने हमारी नदियों के बारे में सोचा था। गंगा, यमुना, राप्ती, ऐसी तमाम नदियां हैं, जो उत्तर-भारत में हैं और यहां क्या होता है? यहां बरसात में बाढ़ आ जाती है। लोग डूब जाते हैं और जब बरसात का मौसम खत्म होता है, तो हम पानी के लिए तरसते हैं। इसके लिए क्या किया गया? इसके लिए अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नदियों को जोड़ने के बारे में सोचा। Ken-Betwa Link पानी के लिए किया गया है। Ken-Betwa Link को जोड़कर और बुंदेलखंड, जो हमारा arid area है, वहां के लोग मजदूरी करने के लिए migrate होते थे, आज Ken-Betwa Link न केवल बुंदेलखंड, बल्कि मध्य प्रदेश का जो adjoining एरिया है, उसको दाल का कटोरा बना रहा है। Ken-Betwa Link से एग्रीकल्चर को बढ़ावा मिल रहा है।

दूसरा, हमारी technologies हैं। Drift irrigation - सबसे कम पानी खर्च हो, तो हमने Israel से drift irrigation की टेक्नोलॉजी ली और आज ऐसी तमाम चीजें हम लोगों ने की हैं, जिससे कम खर्च में ऐसी variety develop की जा रही है कि वह कम पानी में पैदा हो जाएगा। मैं उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं। झांसी arid area है। मैं जालौन में एसपी था। आज जालौन पूरे देश को हरा मटर सप्लाई करता है। वहां जहां कुछ पैदा नहीं होता था। आज झांसी ऐसा एरिया है, जहां strawberry पैदा की जाती है। एग्रीकल्चर क्षेत्र में जो डेवलपमेंट हुई है, पानी का मैनजमेंट हुआ है, पीने के पानी की व्यवस्था की गई, नल से जल पहुंचाया गया, वहीं साथ ही साथ ऐसा किया जा रहा है कि हम पेट भर रहे हैं। इसके साथ ही साथ नदियों को जोड़कर पानी की व्यवस्था ऐसी कर रहे हैं, जब यहां उत्तर भारत में नदियों में बहुत बाढ़ होती है, तो अगर हम दक्षिण भारत से और बाकी एरिया से भी जोड़ दें, तो वह पानी वहां पहुंच जाएगा। उसकी शुरुआत माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने की थी। वह केन-बेतवा लिंक अब परिपक्व हो रहा है। उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं इसी तरह से यह कहना चाहूंगा कि जब हमारे नागरिक स्वस्थ रहेंगे, तभी देश स्वस्थ रहेगा, स्वस्थ नागरिक ही देश का डेवलपमेंट करेगा। महोदया, स्वास्थ्य पर क्या काम किया गया, मैं उसको बताना चाहता हूं।

महोदया, स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसी-ऐसी दवाएं बनाई गईं, जो बहुत उपयोगी हैं। हमारी जो 'आयुष्मान भारत योजना' है, उसमें 5 लाख रुपये का कवरेज दिया गया है, जो 70 प्लस साल के लोग हैं, उनकी चाहे कोई भी इन्कम हो, उनको भी आज 5 लाख रुपये का कवरेज दिया जा रहा है।

महोदया, मैं गाँव का रहने वाला हूं, यदि पहले गाँव किसी को कैंसर हो जाता था, तो उसके बारे में लोग जानते ही नहीं थे, किसी की किडनी खराब हो गई, तो राम-राम कहते थे, ऐसा कहते थे कि इसको मरना है, इसलिए राम-राम कहो, लेकिन आज हर जिले में किडनी पेशेंट के लिए सुविधा है, आज उनका वहीं पर डायलिसिस हो जाता है। महोदया, इसी बजट में तमाम लाइफ सेविंग ड्रग्स पर इम्पोर्ट ड्यूटी घटाई गई और इतनी घटाई गई कि जो गरीब आदमी है, वह भी उसको एफोर्ड कर सकता है।

महोदया, जो मेडिसिन्स बनाई गईं, जो आयुर्वेदिक मेडिसिन्स बनाई गईं, जो 15,000 से ज्यादा आउटलेट्स बने हैं, मैं उस पर भी कहना चाहूंगा। महोदय, मार्किट में जो मेडिसिन 100

Contents Page

रुपये की है, जो कि एक ब्रांडेड मेडिसिन है, आज उसकी कीमत कितनी है? मोदी जी ने आज वह मेडिसिन 10 परसेंट से 30-40 परसेंट पर दी गई है, ..(**व्यवधान**)...आज 1 रुपये तक में भी मेडिसिन मिल रही है। महोदया, यह जो किया गया है, वह बहुत सराहनीय कदम है। महोदया, हॉस्पिटल्स दिए गए हैं, मेडिकल कॉलेज, एम्स दिए गए हैं। यूपीए सरकार में, कांग्रेस सरकार में सिर्फ दिल्ली में एम्स था, लेकिन आज दूसरा एम्स रायबरेली में बना है, जो कि एक बड़े आदमी की कांस्टीटूएंसी थी। उनसे वह भी नहीं चल पाया, लेकिन आज हम एम्स दे रहे हैं। महोदया, एम्स में, मेडिकल क्षेत्र में, नल से जल, सस्ती दवाएं और जो आयुष्मान योजना है, इन सभी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांति ला दी है। आज हमारे देश का आदमी स्वस्थ है और जब नागरिक स्वस्थ होगा, तो देश की प्रगति में कंट्रीब्यूट करेगा।

उपसभाध्यक्ष महोदया, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एग्रिकल्चर के क्षेत्र में, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, न्युक्लियर मार्किट में बहुत अचीवमेंट्स हुई हैं। ..(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष महोदया, हमारे प्रधान मंत्री का लक्ष्य है कि हम 2047 में विकसित भारत बनाएंगे और 2070 तक जीरो ..(**व्यवधान**)... I am not yielding, Mr. Sandosh. हम उसमें जीरो कार्बन एमिशन ला रहे हैं। पहले हमारा सबसे ज्यादा बजट कहाँ पर खर्च होता था? वह ऑयल इम्पोर्ट पर खर्च होता था। ..(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**डा. संगीता बलवन्त**) : माननीय सदस्य, आप किस रूल के अंतर्गत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर देना चाहते हैं?

SHRI SANDOSH KUMAR P: Madam, my point of order is under Rule 240 — 'irrelevant remarks' because the hon. Member is speaking out of context. We are discussing about AI. ...*(Interruptions)*... No; no, when the discussion is on ...*(Interruptions)*... Please bear with me. ...*(Interruptions)*... आप देखिए। No; no, this is artificial crisis.

उपसभाध्यक्ष (**डा. संगीता बलवन्त**) : माननीय सदस्य, नियमों के अंतर्गत इसका अवलोकन होगा। माननीय सदस्य, बृज लाल जी, आप अपनी बात जारी रखें।

श्री बृज लाल : जी। महोदया, बीच में हमारे मित्र ने इंटरवीन किया था, मेरा यह कहना है कि हम हर क्षेत्र में प्रगति कर रहे हैं, वह चाहे टेक्नोलॉजी का क्षेत्र हो या कोई और क्षेत्र हो। पहले कितनी आईआईटीज़ थीं और आज कितनी आईआईटीज़ बन गई हैं, कितने इंजीनियरिंग कॉलेज बन गए हैं? सबसे बड़ी यह चीज़ है कि हमने फोरेंसिक साइंस में नया क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम दिया है। किसी देश के नागरिकों को न्याय देना एक बहुत बड़ा काम होता है। 164 वर्ष पहले अंग्रेज़ों ने जो कानून बनाया था, मोदी जी के नेतृत्व में उसको बदला गया, and now it is the new Criminal Justice System. हम जहाँ टेक्नोलॉजी में काम कर रहे हैं, देश के लोगों को स्वस्थ रख रहे हैं, मेडिसिन्स दे रहे हैं, खाना दे रहे हैं, पानी दे रहे हैं, वहीं स्वस्थ भारत भी बना रहे हैं।

Contents Page

